हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## ड्रैगन अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले शुभांशु शुक्ला



मुस्कुराए, हाथ हिलाया... अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 18 दिन रहकर धरती पर लौटे शुभांशु की पहली तस्वीर

**4 अंतरिक्ष यात्री** | 18 दिन आईएसएस पर बिताए | 7 दिन रहेंगे निगरानी में

# शुभांशु की 'शुभ' वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शुभांशु शुक्ला और 'एक्सिओम-4 मिशन' के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौटने के बाद ड्रैगन 'ग्रेस' अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले तथा कैमरों की ओर हाथ हिलाते हुए लोगों का अभिवादन किया। ये अंतरिक्ष यात्री 20 दिन की अंतरिक्ष यात्रा पूरी करने के बाद धरती पर लौटे हैं। शुक्ला (39), कमांडर पैगी व्हिटसन और मिशन विशेषज्ञ पोलैंड के स्लावोज़ उज्नान्स्की-विस्नीवस्की तथा हंगरी के टिबोर कापू को स्पेसएक्स के 'ग्राउंड स्टाफ' की मदद से अंतरिक्ष यान से बाहर निकलते हुए देखा गया। ड्रैगन अंतरिक्ष यान अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में समुद्र में भारतीय समयानुसार ▶▶| शेष पेज 6 पर



### भावुक हुईं मां, परिवार में जश्न का माहौल

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर सुरक्षित लौटने पर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा सुरक्षित लौट आया है, मैं ईश्वर और आप सभी का शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने इस घटना को कवर किया। मैं भावुक हो गई, आखिरकार, मेरा बेटा कई दिनों बाद लौट आया। उन्होंने कहा, उत्साह अंतहीन है और हमें बहुत गर्व है।

**28000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आया कैप्सूल**

### राष्ट्रपति-पीएम ने की सराहना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पृथ्वी पर लौटे शुभांशु शुक्ला को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अन्वेषण भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, मैं राष्ट्र के साथ मिलकर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं।

### सीएम साय ने दी बधाई



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी पर भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी है। साय ने शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि, गगनयान मिशन की ओर बढ़ते भारत के आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक कदमों का प्रतीक है।



### यान के धरती पर उतरने की पूरी प्रक्रिया

14 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे ग्रेस यान आईएसएस से अलग हुआ। पृथ्वी की ओर बढ़ा। लैंडिंग से पहले, ग्रेस यान ने कई चरणों से गुजरा। डीऑर्बिट बर्न यानी यान ने कक्षा से बाहर निकलने के लिए इंजन जला कर गति कम की। करीब 28,000 किमी/घंटा की रफ्तार से प्रवेश के दौरान तापमान इसका 1,600अंश सेल्सियस तक पहुंचा, जिसे हीट शील्ड ने सहन किया।

---

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए नया जत्था रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए 6,388 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था मंगलवार तड़के यहां एक आधार शिविर से रवाना हुआ। अमरनाथ की 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 2.25 लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के 'दर्शन' कर चुके हैं। यह यात्रा तीन जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई थी। 1,308 महिलाओं समेत 6,388 तीर्थयात्रियों का 14वां जत्था 248 वाहनों में सवार होकर सुबह 3:25 से 4:15 बजे के बीच भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

### दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का निधन

**मुंबई।** मनोज कुमार की फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में अभिनय करने और हिट टेलीविजन शो 'ओम नमः शिवाय' और 'अदालत' के निर्माण के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का यहां अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। कुमार निमोनिया से गंभीर रूप से पीड़ित थे। उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया गया था। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे और शनिवार को बुखार, सर्दी और खांसी की शिकायत के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

---

### रायपुर-राजनांदगांव और मोहला मानपुर से पकड़े गए थे अवैध बांग्लादेशी

# 30 बांग्लादेशी नागरिकों को बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से भेजा गया गुवाहाटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार से डिपोर्ट की अनुमति मिलने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने अवैध रूप से प्रदेश में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके तहत मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में रहने वाले 30 बांग्लादेशियों को पुलिस की निगरानी में बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से राजधानी रायपुर के माना एयरपोर्ट से गुवाहाटी असम के लिए रवाना किया गया। गुवाहाटी में उतरने के बाद सभी बांग्लादेशियों को बीएसएफ के सुपुर्द किया गया। इधर गुवाहाटी पहुंचने पर बीएसएफ अब बांग्लादेशियों को उनके देश भेजने की आगे की प्रक्रिया करेगी।

**जिनके विरुद्ध अपराध दर्ज, उन्हें बाद में भेजा जाएगा:** सूत्रों के अनुसार जिन बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध थाने में अपराध दर्ज है, ऐसे नागरिकों को बाद में बांग्लादेश भेजा जाएगा। सूत्रों से जानकारी मिली है कि 30 बांग्लादेशियों के अलावा और कई अन्य नागरिकों को भी पकड़ा गया है, जो अवैध रूप से यहां रह रहे हैं, लेकिन उनके विरुद्ध अपराध दर्ज है।

### छत्तीसगढ़ सरकार ने अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश भेजने का शुरू किया अभियान





#### अवैध नागरिकों की पहचान के लिए एसटीएफ का गठन

छत्तीसगढ़ में दूसरे देशों के नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं, इसकी शिकायतें और इंटेलिजेंस इनपुट मिलने के बाद राज्य सरकार ने ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें उनके देश भेजने के लिए एसटीएफ विशेष कार्य बल का गठन किया है। इसके लिए सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। इसके तहत राजधानी रायपुर, राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर जिले में बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से रहने की जानकारी मिली थी, इस आधार पर टीम ने इन जिलों से 30 नागरिकों को पकड़ा है, जिन्हें आज गुवाहाटी बीएसएफ के सुपुर्द किया गया।

#### रायपुर, मोहला-मानपुर व राजनांदगांव में पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक

छत्तीसगढ़ से जिन 30 बांग्लादेशी नागरिकों को गुवाहाटी में छोड़ा गया, उन सभी को रायपुर, मोहला-मानपुर एवं राजनांदगांव जिलों से पकड़ा गया था। इनमें रायपुर से 15, राजनांदगांव से 13 एवं मोहला-मानपुर से 2 लोग शामिल हैं। इन नागरिकों में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी शामिल हैं। सभी नागरिकों को इन जिलों से पहले सड़क मार्ग से रायपुर लाया गया था। यहां बस में सभी को सवार कर माना एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां बीएसएफ के हेलीकाप्टर के माध्यम से उन्हें गुवाहाटी ले जाया गया। हेलीकाप्टर दोपहर करीब 12 बजे माना से रवाना हुआ। सूत्रों के अनुसार हेलीकाप्टर में बांग्लादेशी नागरिक के अलावा बीएसएफ के तीन जवान मौजूद रहे। यह जानकारी मिल रही है कि हेलीकाप्टर के अलावा कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को शाम की फ्लाइट से भी भेजा गया है। हालांकि इसकी अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है।

### घुसपैठियों के लिए रायपुर में बनेगा सौ सीटर सेंटरः गृहमंत्री

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के मुद्दे पर जोरदार बहस हुई। अजय



चंद्राकर ने दावा किया कि राज्य में करीब 5 हजार बांग्लादेशी घुसपैठिए रह रहे हैं, जो आधार, राशन कार्ड और पासपोर्ट बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इनकी मदद करने वाले सरकारी तंत्र में भी सक्रिय हैं और डिटेंशन सेंटर बनाने की मांग की। बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर, धरमजीत सिंह और भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए सरकार से इस पर ठोस कार्रवाई की मांग की। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, रायपुर में 100 सीटों वाला बोर्डिंग सेंटर बनाया ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### कितने बाहर किए गए-भूपेश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है, अभी तक कितने पाकिस्तानी आईडेंटिफाई हुए। जितने रोहिंग्या, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हैं, उन सबको बाहर ▶▶| शेष पेज 6 पर

---

## एसजीजीयू के पूर्व कुलपति पेंशन के साथ चार सालों तक लेते रहे पूरा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरु विवि के बर्खास्त पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर नियम विरूद्ध तरीके से बीएचयू के अपने पूर्व पद के विरूद्ध पेंशन राशि के साथ ही कुलपति का पूरा वेतन लेते रहे। कुलपति के अपने चार साल के कार्यकाल में उन्होंने शासन का 54 लाख रूपए आहरित कर लिया है। इसका खुलासा होने के बाद विवि के अधिकारियों में हड़कंप मच ▶▶| शेष पेज 6 पर



#### वित्तीय अनियमितता के आरोप में बर्खास्तगी

पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह पर वित्तीय अनियमितता के अनेक गंभीर आरोप लगे थे। राज भवन एवं राज्य सरकार ने आरोपों की अलग-अलग स्तर पर जांच कराने के उपरांत उन्हें अगस्त 2024 को बर्खास्त कर दिया।

#### अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

नियुक्ति उपरांत कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कुलपति अपनी सेवानिवृत्ति की सूचना के साथ ही संबंधित परिपत्र विवि को उपलब्ध कराते हैं। विवि के कुल सचिव एवं वित्त अधिकारी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद ही पेंशन राशि की कटौती कर वेतन का भुगतान करते हैं। एसजीजीयू के तत्कालीन अधिकारी पूर्व कुलपति के पेंशन आदि की जानकारी लिए बिना पूरे वेतन का भुगतान करते रहे तथा चाल साल में 54 लाख 3 हजार 428 रूपए का अधिक भुगतान कर दिया जिसकी वसूली अब मुश्किल हो गई है।

#### भेजी गई थी नोटिस

मामला संज्ञान में आते ही बीएचयू से पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह के पेंशन संबंधी जानकारी मंगाई गई। मामले में अधिक ली गई राशि को लौटाने ब्योरे सहित नोटिस पंजीकृत डाक से भेजी गई थी जिसे लेने से उन्होंने इंकार कर दिया है। मामले की जानकारी राजभवन को दी गई है। शासकीय राशि की वापसी के लिए पुलिस का सहयोग लिया जाएगा।

-डॉ. एसपी त्रिपाठी, कुलसचिव, एसजीजीयू

---

### 7 करोड़ के घोटाले में विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा में चालान पेश

# तेंदूपता घोटाले में 45 सौ पेज का चालान डीएफओ ने प्रबंधकों से लिए 83 लाख

#### ऐसे हुई बंदरबांट

अशोक कुमार पटेल डीएफओ
**91 लाख 90 हजार**

पोषक अधिकारी
**2 लाख 60 हजार**

स्थानीय नेता
**7 लाख 50 हजार**

पत्रकार
**5 लाख 90 हजार**

प्रबंधक
**2 करोड़ 8 लाख**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने 14 आरोपियों के खिलाफ 4500 पेज का चालान दंतेवाड़ा के विशेष कोर्ट में आज पेश किया है। तत्कालीन सुकमा के पूर्व वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार पटेल ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए वर्ष 2021-22 के तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक में संग्राहकों को दी जाने वाली राशि लगभग 7 करोड़ का बंदरबांट किया था। जांच में पाया गया कि अशोक पटेल ने वन विभाग के अधिकारियों व प्राथमिक लघुवनोपज समितियों के प्रबंधकों व पोषक अधिकारियों के साथ मिलकर इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया था। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सुकमा के पूर्व डीएफओ अशोक कुमार पटेल 4 वनकर्मी व 7 प्रबंधक हैं आरोपी



#### बोनस के बारे में अनभिज्ञ ग्रामीण, नौ समिति टारगेट में

बस्तर क्षेत्र के घोर नक्सल एवं अति संवेदनशील आदिवासी बहुल क्षेत्र में तेंदूपत्ता वहां के निवासियों की आजीविका का अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। इसके माध्यम से वे अपने परिवार का जीवनयापन करते हैं। इस मामले की जांच व विवेचना के दौरान मड़ईगुड़ा, गोलापल्ली, किस्टाराम, जगरगुण्डा, चिंतलनार, चिंतागुफा, भेज्जी, कोंटा तथा पोलमपल्ली के दूरस्थ अंदरूनी एवं पहुंचविहीन मार्गों में जाकर ग्रामीणों से पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बोनस स्कीम के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की और जांच एजेंसी को मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य दिए, जिसके बाद इस मामले में अन्य 9 समितियों के संबंध में जांच वर्तमान में भी जारी है।

#### 30 पन्नों की समरी में घोटाले की कहानी

- घोटाले बाज अफसरों ने स्थानीय राजनेताओं और मीडियाकर्मियों को भी साधा था
- मनीष कुंजाम का मोबाइल हैंडसेट परीक्षण के लिए भेजा गया है।
- जेल में बंद निलंबित डीएफओ के मोबाइल और लैपटॉप को भी साइबर लैब भिजवाया गया
- चालान में अशोक पटेल को बताया गया मुख्य षड्यंत्रकर्ता और मास्टरमाइंड
- अशोक पटेल ने घोटाले से 91 लाख 90 हजार रुपए खुद हजम किए
- स्थानीय नेता को साढ़े सात लाख रुपए दिए गए
- स्थानीय पत्रकारों को खबर दबाने के लिए पांच लाख नब्बे हजार रुपए दिए गए

#### प्रबंधकों से पैसे लिए, नकद निकासी की

डीएफओ ने रैकेट बनाकर प्रबंधकों से 10 लाख से 15 लाख रुपए तक लिए। कुल 83 लाख रुपए की वसूली की। उस पैसे का उपयोग डीएफओ ने अपने निजी कार्य में किया। समितियों पर कोई कार्यवाही नहीं की।

---

## होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- पहले रेल नीर घोटाले में सामने आ चुका है नाम

ईडी की टीम ने मंगलवार की सुबह रेलवे के बड़े ठेकेदार के ठिकानों पर दबिश दी। जानकारी के मुताबिक दुर्ग के दीपक नगर स्थित होटल सागर इंटरनेशनल के संचालक विजय अग्रवाल के घर और ऑफिस में ईडी की टीम पहुंची। टीम में 6 से अधिक कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। उक्त दोनों ही जगहों पर जांच की गई। ▶▶| शेष पेज 6 पर



#### अग्रवाल के सीए को भी किया तलब

खबर है कि विजय अग्रवाल के सीए को भी तलब किया गया है। बता दें कि दोनों भाइयों के नाम से अलग-अलग नाम से कई फर्म हैं। तीन भाइयों के इस ग्रुप के परिवार से जुड़े सदस्यों को छत्तीसगढ़ में भी पिछली सरकार में मिड डे मील का एक बड़ा काम मिला था। छोटे भाई अरुण की पहले ही मृत्यु हो चुकी है।

#### रायपुर में भी बड़ा होटल

ईडी सूत्रों ने बताया कि इससे पहले विजय और शरण का नाम रेल नीर घोटाला में भी सामने आया था। उनका रायपुर में एक बड़ा होटल कोर्टयार्ड मैरियट भी है। बहरहाल ईडी ने किन कारणों से दोनों जगह दबिश दी है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि पप्पू बंसल से विजय अग्रवाल के ▶▶| शेष पेज 6 पर

---

### सेना मानहानि केस : भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिया था बयान

# राहुल ने कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने खिलाफ मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष एमपी-एमएलए (सांसद-विधायक) अदालत में पेश हुए और उन्हें जमानत मिल गई। गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल ने यह जानकारी दी। अग्रवाल ने बताया कि यह मामला 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित है। वकील ने बताया कि सांसद-विधायक अदालत के ▶▶| शेष पेज 6 पर



#### व्यक्तिगत रूप से पेश होने का था आदेश

राहुल गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल ने कोर्ट से राहुल की पेशी पर छूट की मांग की थी। मगर कोर्ट ने राहुल को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। कोर्ट गेट पर गाड़ियों का काफिला पहुंचते ही पुलिस ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और आराधना मिश्रा की कार रुकवा दी। पुलिस से नोकझोंक के बाद दोनों लोग पैदल चलकर अंदर गए।

#### क्या है आरोप

कोर्ट ने सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव की शिकायत पर राहुल गांधी को आरोपी के रूप में तलब किया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 16 दिसंबर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडियाकर्मियों और जनता को संबोधित करते हुए गांधी ने नौ दिसंबर (2022) को अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच हुई झड़प का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में तो पूछेंगे, लेकिन चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक बार भी नहीं पूछेंगे।

---

## खाई में गिरने से पांच की मौत, 17 घायल

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे 'टेंपो ट्रैवलर' के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हो गया।






# सदन में सीएसआर फंड पर घमासान, बस्तर में निधि खर्च नहीं, विपक्ष ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

## किरण देव ने उठाया मामला, महंत बोले- पिछली सरकार से खर्च कम हो रहा

विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायक किरण सिंहदेव ने जगदलपुर और पूरे बस्तर संभाग में सीएसआर मद से हुए कार्यों और खर्च की गई राशि का पूरा हिसाब किताब मांगा। यहां कई बड़े उद्योग सक्रिय हैं, क्षेत्र में अब तक सीएसआर फंड से कोई कार्य स्वीकृत नहीं हुआ।

इस मुद्दे को और तूल तब मिला जब नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, उद्योग आखिर सीएसआर फंड का कितना हिस्सा खर्च कर रहे हैं और उसका लेखा-जोखा कहां है? उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार की तुलना में अब इस मद में खर्च कम हो रहा है और इसे छुपाया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे पर जांच की मांग की।

जवाब देते हुए मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि कंपनियों के लिए सीएसआर मद में कुल लाभ का 2 प्रतिशत खर्च करना अनिवार्य है। मंत्री ने बताया कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में इस मद से 10.46 करोड़ रुपए खर्च कर 89 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 65 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 24 कार्य अभी अधूरे हैं। बजट की कमी के कारण





कुछ कार्य स्वीकृत नहीं हो सके हैं। सीएसआर मद में प्राप्त राशि का व्यय किन-किन कार्यों में किया जाएगा, यह कंपनी अधिनियम के मापदंडों के तहत निर्धारित प्रक्रिया और संबंधित अनुशंसा के अनुसार किया जाता है। किरण सिंहदेव ने कहा, पिछले दो सालों में इस मद से कलेक्टर की ओर से बस्तर जिले में कोई राशि नहीं दी गई है। मेरी ओर से अनुमोदित विकास कार्यों पर भी सहमति नहीं दी गई है। प्रावधानित राशि में भी कटौती की गई है। उद्योग मंत्री ने कहा, सदस्य का एक प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है, 17 काम स्वीकृत होना बाकी है, आगे और काम स्वीकृत करेंगे।

### सीएसआर में राशि देने ये बाध्य



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, सीएसआर मद का कितना प्रतिशत देना जरूरी है। इस पर उद्योग मंत्री लखनलाल ने कहा, तीन साल के अनुपात में 2 प्रतिशत की राशि आय का सीएसआर मद में खर्च किया जाता है। डॉ. चरणदास महंत ने कहा, अभी सीएसआर मद में कितना दिया जा रहा है और भूपेश बघेल सरकार में कितना दिया जाता था, इसकी जांच करवा लें। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिन कंपनियों की नेटवर्थ 500 करोड़ रुपए या अधिक, सालाना टर्नओवर 1000 करोड़ रुपए या अधिक अथवा शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपए से अधिक है, वे अपने पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सीएसआर मद में व्यय करने के लिए बाध्य हैं।

### सरकार स्वतंत्र ऐजेंसी से कराए जांच

महंत न सरकार से इस मुद्दे पर जांच की मांग की। उन्होंने सरकार से स्वतंत्र एजेंसी से सीएसआर मद में खर्च की गई राशि की जांच कराने की मांग की। पूरे मुद्दे पर कटाक्ष करते हुए महंत ने कहा कि अगर राशि सही जगह खर्च हो रही है, तो सरकार को उच्च स्तरीय जांच से डर क्यों है?

## विभागीय मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के विधायकों ने किया बहिर्गमन

# जल जीवन मिशन पर हंगामा, कई जिलों में नहीं मिल रहा पानी, साव बोले- 10 लाख कनेक्शन दिए




हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जल जीवन मिशन का मामला उठाते हुए इसके फेल होने का आरोप लगाया। डिप्टी सीएम और विभागीय मंत्री अरुण साव ने कहा, हमने 10 लाख नल कनेक्शन दिया है, इस पर विपक्ष के विधायकों ने गलत जानकारी देने की बात कही और जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया।

प्रश्नकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जल जीवन मिशन का मामला उठाते हुए पूछा कि साल 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में कितनी राशि खर्च हुई। लक्ष्य के विरुद्ध कितने घरों में पानी पहुंचा। उन्होंने कई जिलों में कम राशि खर्च करने पर सवाल उठाया। वहीं कई जिलों में दूसरे जिलों के मुकाबले बहुत कम घरों में पानी पहुंचा है। जवाब में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, अब तक साल 2022-23 से 15 हजार 45 करोड़ मतलब 57 प्रतिशत राशि खर्च





हुई है। 31 लाख 16 हजार 398 घरों में नल से पानी दे रहे हैं। 3 हजार 836 गांवों में पूरी तरह नल से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। राशि का भुगतान काम के प्रोग्रेस के मुताबिक किया जाता है, इसलिए अलग-अलग जिलों में स्थिति अलग है। 49 लाख से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन के जरिए पानी पहुंचाना है। देर से काम शुरू हुआ है।

### कांग्रेस सरकार में बगैर पानी नल की टोटी लगवाई

भूपेश बघेल ने कहा, डबल इंजन की सरकार में सिर्फ 3 हजार 500 करोड़ रुपये योजना पर खर्च हुआ। सिर्फ 57 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल हुआ है। इस पर अरुण साव ने कहा, साल 2023 के आखिर तक 36 लाख परिवारों तक नल का कनेक्शन दिखाया गया, सिर्फ आंकड़े दिखाने के लिए ये किया गया। हमने जब वेरिफिकेशन किया, तो पता चला कि सिर्फ 21 लाख घरों में पानी जा रहा था, बाकी 15 लाख में सिर्फ नल लगाया गया था। आपने समय पर काम किया होता, तो ये हालात नहीं बनते। आपकी सरकार ने बगैर पानी के नल की टोटी लगाई।

### 2 साल में 10 लाख घरों में पानी

भूपेश बघेल ने कहा, 21 लाख घरों में हमने पानी दिया। अब तक 31 लाख घरों में पानी पहुंच रहा कह रहे हैं, मतलब करीब 2 साल में डबल इंजन की सरकार ने सिर्फ 10 लाख घरों में नल से पानी दिया। ये भी सही है या आंकड़ेबाजी है। नल से पानी नहीं मिलने के मामले पर सदन में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। पक्ष-विपक्ष के बीच नोक-झोंक हुई। विपक्षी विधायकों ने झूठा आंकड़ा बताने का आरोप लगाते हुए कहा, कई जिलों में पानी तक नहीं मिल रहा।

### 20 माह की सरकार में सिर्फ 7 प्रतिशत काम- महंत

प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, 20 महीने की सरकार में सिर्फ 7 प्रतिशत काम हुआ है, जबकि हमने अपनी सरकार के दौरान करीब 74 प्रतिशत काम किया है। फिर ज्यादा काम किसने किया, इस पर अरुण साव ने कहा, हमने 10 लाख नल कनेक्शन पानी के साथ दिया। भूपेश बघेल ने कहा, 7 महीने में कितने नल कनेक्शन दिए और कितनी राशि खर्च की। अरुण साव ने कहा, 10 लाख नल कनेक्शन दिया है। जवाब पर विपक्ष के विधायकों ने गलत जानकारी देने की बात कही। जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया।

### एक भी अधिकारी पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई-धरमलाल



एक अन्य सवाल में प्रश्नकाल में ही भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने पूछा राज्य स्तरीय उच्च पावर समिति की अनुशंसा पर क्या कार्रवाई की गई? उन्होंने कहा, जब इसमें प्रमाणित पाया गया है, तो एक के खिलाफ आपने कार्रवाई की तो बाकी के खिलाफ क्यों नहीं की? अधिकारियों को दिशा निर्देश हाईकोर्ट से प्राप्त हुआ है। जवाब में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, जिसने शपथ पत्र प्रस्तुत किया था, उसके खिलाफ एफआईआर की है। बाकी को ब्लैक लिस्टेड कर रहे हैं। 12 अनुबंध निरस्त किए हैं। मामले की जांच जारी है। अधिकारियों की संलिप्तता के संबंध में अभी कोई रिपोर्ट नहीं आई है, इसलिए कार्रवाई नहीं की गई। रिपोर्ट में जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। किसी को बक्शा नहीं जाएगा। जैसा उच्च न्यायालय के दिशा निर्देश होंगे, उस पर कार्यवाही की जाएगी।

### देवेंद्र और अजय में तीखी नोकझोंक



इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव और अजय चंद्राकर के बीच तीखी बहस हुई। मामले को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष ने कहा, लगातार सदन को गुमराह किया जा रहा। भारी हंगामे पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को हस्तक्षेप करना पड़ा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी सदस्यों से कहा, मर्यादा का ख्याल रखें। उन्होंने कहा, प्रश्नकाल को बाधित नहीं किया जाता। आसंदी की मर्यादा का ध्यान रखें। प्रश्नकाल में हंगामा करना उचित नहीं है। पूरा देश छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही को देखता है। सदस्यों को आपस में देखकर बात नहीं करनी चाहिए। आसंदी की ओर देख कर बात करनी चाहिए। आसंदी की मर्यादाओं का पालन हम सभी को करना होगा।

### रेडी टू ईट सप्लाई के मामले में स्व-सहायता समूह के चयन पर बवाल

सदन में रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाइड आटा आपूर्ति के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तकरार हुई। ध्यानाकर्षण में नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मामले को उठाते हुए गलत तरीके से स्व-सहायता समूहों के चयन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने गड़बड़ी करने वाले विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, रेडी टू ईट और फोर्टिफाइड आटा आपूर्ति, केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत आदर्श महिला स्व सहायता समूह के चयन के संबंध में सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा चयनित नामों को ही इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि कोरबा जिले में आवेदन नहीं देने वाले समूह का चयन कर लिया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा टंकण त्रुटि के कारण नाम जारी हो गया था। पसान में लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह और जय मां महिला स्व सहायता समूह का आवेदन आया था। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि चयन के दौरान समिति ने कई समतियों को मनमाने नंबर देकर चयन कराया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, जिस महिला स्व सहायता समूह का चयन किया गया है, वह डिफाल्टर है। मंत्री ने कहा चयन के समय सभी बातों पर ध्यान दिया गया है।

### भिड़े अजय-उमेश

चर्चा के दौरान सदन में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और कांग्रेस विधायक उमेश पटेल के बीच नियम-प्रकिया के सवाल पर तीखी बहस हुई। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के जवाब से असन्तुष्ट विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया।

# 2019 से 2023 तक निवेशक सम्मेलन में कितने उद्योगों से एमओयू किए गए



**बिलासपुर**-विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा किए गए निवेशक सम्मेलन को लेकर उद्योग मंत्री से पूछे सवाल। विधायक श्री शुक्ला ने सदन में पूछा की वर्ष 2019 से 2023 तक उद्योग विभाग द्वारा कितने निवेशक सम्मेलन, किन-किन शहरों में कब-कब आयोजित किये ? इन आयोजनों पर कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? सम्मेलनों के बाद किन-किन कंपनियों से, किन-किन उद्योगों हेतु, कितनी-कितनी राशि के एमओयू किये गये? एमओयू के आधार पर किन-किन कंपनियों ने प्रदेश में कितने उद्योगों में कितनी-कितनी राशि का निवेश किया?

इस पर जवाब देते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने बताया की वर्ष 2019 से 2023 तक उद्योग विभाग द्वारा कुल 05 निवेशक सम्मेलन विभिन्न स्थानों जिनमें कनाडा, कोलोन जर्मनी, बोस्टन-न्यूयॉर्क संयुक्त राज्य अमेरिका, बाली इण्डोनेशिया तथा नई दिल्ली में आयोजित किये गये । आयोजनों में कुल राशि 4,08,19,530 (शब्दो में राशि रू. चार करोड आठ लाख उन्नीस हजार पांच सो तीस) का व्यय हुआ है। मंत्री ने बताया की इस अवधि में 218 एमओयू निष्पादित किए गए,जिनमें से 32 एमओयू निरस्त हो गए है वर्तमान में 186 एमओयू प्रभावशील है। इसमें 127922.54 करोड़ प्रस्तावित थे मगर 19898.37 करोड़ निवेश हुए है। इसमें एक भी विदेशी कंपनी से कोई एमओयू नहीं हुआ है।

इसके अलावा विधायक सुशांत ने उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नलकूप और हैण्डपंप को लेकर सवाल पूछा की विभाग द्वारा कुल कितने हैंडपंप स्थापित हैं? इनमें से कितने चार कितने बंद हैं ? हैंडपंपों के बंद होने के क्या कारण हैं? बंद हैंडपंपों को कब तक चालू किया जावेगा। विकासखण्डवार स्थलवार जानकारी उपलब्ध करावें? (ख) वर्ष 2023 से 20/06/2025 तक कितने हैंडप स्वीकृत किए गए? कितने नलकूपों का खनन किया गया? इनमें से कितने सफल तथा कितने असफल हुए। जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया की 1022 हैण्डपंप स्थापित किये गये है।

### सुशांत शुक्ला ने बेलतरा विधानसभा में हैंडपंप और निगम के कामों का मांगा ब्यौरा

इनमें से 965 चालू एवं 57 बंद है। हैण्डपंपों के बंद होने का कारण एवं बंद हैण्डपंपों को कब तक चालू किया जावेगा, की विकासखण्डवार स्थलवार जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख) वर्ष 2023 से 20/06/2025 तक 27 हैण्डपंप स्वीकृत किए गए है। 27 नलकूपों का खनन किया गया है। इनमें सभी 27 सफल हुए। इसके अलावा विधायक श्री शुक्ला ने बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र के विस्तार में बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत क्षेत्रों की जानकारी समेत बिलासपुर नगर निगम में वर्ष 2019 से 20 जून, 2025 तक विभागीय बजट एवं स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत कौन-कौन से विकास कार्य किए गए ?

कार्यों के नाम, स्वीकृत राशि, व्यय राशि, पूर्ण/अपूर्ण/अप्रारंभ की जानकारी और कार्यों में अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग करने की शिकायत प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आयी? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई?

# 19 छात्राओं की बैडटच की शिकायत तालाबंदी के बाद प्राचार्य गिरफ्तार

**मुड़ागांव**। गरियाबंद जिले के आदिवासी ब्लॉक छुरा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल अकलवारा के प्रभारी प्राचार्य जीपी वर्मा को छात्राओं से छेड़छाड़ और विभिन्न स्कूल फंडों में लाखों रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (बी), पॉक्सो एक्ट की धारा 12 और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जीपी वर्मा पर आरोप है कि वे आशिक मिजाज और शराब के शौकीन थे। और जिस भी स्कूल में उन्होंने सेवा दी, वहां छात्राओं के साथ छेड़खानी के आरोप लगते रहे। सेवानिवृत्ति के करीब होने के बावजूद उनकी हरकतें जारी रहीं। इसके अतिरिक्त, वर्मा पर लोकल क्लास के छात्र-छात्राओं के प्राप्तांकों में हेराफेरी करने का भी आरोप है, जिसके विरोध में स्कूल में तालाबंदी भी की गई थी। इन गंभीर आरोपों के बाद विभाग ने उन्हें प्रभार से हटाने का आदेश जारी कर दिया था।



### जांच आयोग की रिपोर्ट और गिरफ्तारी

राज्य आयोग की एक जांच टीम ने मामले की गहनता से जांच की, जिसमें सत्रह छात्राओं ने सामने आकर जीपी वर्मा द्वारा की गई अश्लील हरकतों का खुलासा किया। आयोग की जांच रिपोर्ट के आधार पर छुरा पुलिस ने जीपी वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# शराब घोटाला मामला, लखमा ने हाईकोर्ट से मांगी जमानत


बिलासपुर। छग के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए जमानत की मांग की है। याचिका में ईडी द्वारा गिरफ्तारी का विरोध किया गया है। मामले की सुनवाई सिंगल बेंच में अगस्त के पहले सप्ताह में होगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा जेल में बंद हैं। इसके पहले ईडी की स्पेशल कोर्ट से लखमा की जमानत खारिज हो चुकी है। साथ ही उन्हें विधानसभा सत्र में भी शामिल होने की अनुमति नहीं मिली।

ध्यान रहे कि ईडी ने लखमा को 15 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया था। दरअसल, शराब घोटाला केस में ईडी ने ईओडब्ल्यू में 2 पूर्व मंत्री, अफसरों सहित 100 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें कवासी लखमा का भी नाम है। ईडी के मुताबिक पूर्व मंत्री कवासी लखमा के संरक्षण में विभागीय अधिकारियों सहयोगियों

### मामले की सुनवाई सिंगल बेंच में अगस्त के पहले सप्ताह में होगी

और ठेकेदारों के माध्यम से सुनियोजित तरीके से इस घोटाले को अंजाम दिया गया है। इस घोटाले से अर्जित की गई राशि से अपने व्यक्तिगत एवं पारिवारिक हितों के लिए उपयोग कर लाभ अर्जित किया गया है।अब तक की विवेचना में कवासी लखमा का 64 करोड रुपए आबकारी घोटाले से प्राप्त करना प्रमाणित हुआ है। इसमें 18 करोड रुपए के अवैध धनराशि के निवेश और खर्च संबंधी दस्तावेज के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। शराब घोटाला मामले में अब तक तीन पूरक चालान के साथ 4 चालान कोर्ट में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इसके साथ ही शराब घोटाला मामले में 13 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही मामले की जांच जारी है।

# दो बेटियों की हत्या, महासमुंद के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में मां को उम्रकैद



**बिलासपुर**। हाईकोर्ट ने महासमुंद के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपी मां की अपील खारिज करते हुए उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। डिवीजन बेंच ने फैसले में कहा है कि मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है, लेकिन यह सभी सबूत आपस में जुड़कर एक ऐसी कड़ी बनाते हैं जो संदेह से परे अपराध साबित करते हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस विभू दत्त गुरु की डीबी में हुई। दरअसल, महासमुंद के लमकेनी निवासी शिक्षक जनकराम साहू ने 20 दिसंबर 2017 को पुलिस को बताया कि उनके किराएदार ईश्वर पांडे की पत्नी और बेटियां घर के अंदर खून से लथपथ पड़ी हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों लड़कियां मृत मिलीं और उनकी मां यमुना गंभीर रूप से घायल थी। घटनास्थल से चाकू, ब्लेड, मोबाइल, सुसाइड नोट बरामद किया गया था। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया था।

- ट्रायल कोर्ट का फैसला बरकरार, आरोपी मां की अपील खारिज

### डिप्रेशन के चलते तनाव में उठाया कदम

अपने बयान में महिला ने बताया कि उसका वैवाहिक जीवन पिछले 6 साल से ठीक नहीं चल रहा था। पति और बेटियां एक- दूसरे से प्यार करते थे लेकिन उसे ताना मारते थे, इस वजह से वह डिप्रेशन में चल रही थी, जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया था। पुलिस की जांच में भी सामने आया कि आरोपी महिला ने डिप्रेशन और पारिवारिक तनाव के चलते वारदात को अंजाम दिया था। उसने डॉक्टरों के सामने अपने बयान में इस बात को स्वीकार भी किया कि उसने ही अपनी बेटियों की हत्या की। इसके बाद आत्महत्या की कोशिश की। मामले में महासमुंद के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 18 मार्च 2021 को फैसला सुनाया, जिसमें महिला को आईपीसी की धारा 302(2) और धारा 309 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील की थी।

### ट्रायल कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी महिला की तरफ से तर्क दिया गया, कि वह खुद भी पीड़िता है। वर्षों से मानसिक रूप से अस्थिर थी। इसके अलावा उसके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है, जबकि राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि घटनास्थल पर बरामद सामान, सुसाइड नोट, मेडिकल रिपोर्ट और महिला के बयान से स्पष्ट है कि वारदात उसने ही की थी। हाईकोर्ट ने अपील खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। सभी साक्ष्य आपस में जुड़कर एक ऐसी श्रृंखला बनाते हैं, जो संदेह से परे अपराध को साबित करते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का निर्णय सही है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।

# केन्द्र ने हाईकोर्ट में कहा- मनियारी नदी का जर्जर पुल 64 लाख में बनेगा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मनियारी नदी पर बने जर्जर पुल से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए स्वतः संज्ञान में जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर सुनवाई की है। हाईकोर्ट की नोटिस के बाद केन्द्र सरकार की ओर से कहा गया कि पुल की मरम्मत और निर्माण कार्य के लिए 64 लाख रुपए की स्वीकृति दे दी गई है। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई सितंबर में रखी है।

हाईकोर्ट की डीबी में मंगलवार को भी सुनवाई हुई। इस मामले में लोक निर्माण विभाग के सचिव ने भी को व्यक्तिगत हलफनामा पेश किया है।

### मामले की सुनवाई सिंगल बेंच में अगस्त के पहले सप्ताह में होगी

दरअसल प्रकाशित खबर में बताया गया है कि मुंगेली से बिलासपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर मनियारी नदी है, जहां पुल जर्जर स्थिति में है। पुल से गुजरने वाली सड़क को पार करना खतरे से खाली नहीं है। मनियारी नदी के दोनों तरफ की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है।

### आए दिन जाम की स्थिति

वहीं बरेला मनियारी के पास जानलेवा गड्ढे, उड़ती धूल, संकीर्ण पुल, टेप नल से पानी बहने और भारी वाहनों के आवागमन के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका नतीजा यह है कि राहगीर लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। हाइवा, ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहन बरेला पुल से होकर गुजरते हैं, जिनके कारण आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हो जाती है। इसके साथ ही बरेला से तखतपुर के लिए संकीर्ण मनियारी पुल से पानी की पाइपलाइन गुजरती है। आए दिन पाइप फूटने की वजह से पुल के ऊपर तालाब की तरह पानी भर जाता है, जिससे लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हाइकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में स्वीकार किया है।

बिलासपुर
बुधवार, 16 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 115
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32.4
न्यून. 27.4



अशोक शर्मा | चंद्रशेखर साहू | अमर अग्रवाल | राजेश मूणत

### भाजपा संगठन तैयारी में जुटा ऑनलाइन होगी बातचीत

# छत्तीसगढ़ के 22 वरिष्ठ नेताओं से प्रधानमंत्री मोदी करेंगे दिल की बात, 19 जुलाई को होंगे एक साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जुलाई को छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेताओं से दिल की बात करेंगे। 22 वरिष्ठ नेता वे होंगे जिन्होंने पीएम मोदी के साथ किसी न किसी भूमिका में कार्य किया है। प्रदेश का भाजपा संगठन भी तैयारी में जुट गया है। संभावना है कि प्रधानमंत्री ऑनलाइन जुड़कर नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। जिनके साथ पीएम संवाद करने वाले हैं, उसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ कुछ विधायक भी शामिल हैं। इसी के साथ कुछ ▶▶|शेष पेज 6 पर




### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ. रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, धरमलाल सहित कई नेताओं के नाम सूची में

### स्थान और समय अभी तय नहीं

संवाद के लिए 19 जुलाई की तिथि तो तय है, लेकिन इसके लिए अभी स्थान और समय तय नहीं हो सका है। संभावना यही जताई जा रही है कि ऑनलाइन ही संवाद होगा। लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली से बुलावा भी आ सकता है और दिल्ली में आमने-सामने भी बात हो सकती है। भाजपा के जानकारों का कहना है कि सारी स्थिति बुधवार को स्पष्ट होगी।

### इनके साथ होगा संवाद



देवजी भाई पटेल | सच्चिदानंद उपासने

वैसे तो करीब दो दर्जन नेताओं के साथ पीएम मोदी संवाद करने वाले हैं, लेकिन फिलहाल जो नाम सामने आ रहे हैं, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री और इस समय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहने वाले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, चंद्रशेखर साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत के साथ ही पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने के नाम शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ से रहा है पीएम का दिल का नाता

उल्लेखनीय है कि श्री मोदी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी भी रह चुके हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ से उनका दिली रिश्ता है। वे अक्सर छत्तीसगढ़ आते रहे हैं और यहां से अपने जुड़ाव को व्यक्त भी करते रहे हैं। छत्तीसगढ़ में इस बार भाजपा सरकार बनाने में उनकी भूमिका अहम रही है। माना जा रहा है कि श्री मोदी 22 नेताओं संवाद में पुराने दिनों की याद ताजा करेंगे और भविष्य की बातें करेंगे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जीप खाई में गिरी, आठ यात्रियों की मौत



**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के थल क्षेत्र में मंगलवार को एक जीप के गहरी खाई में गिर जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गयी और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। थल के थानाध्यक्ष शंकर सिंह रावत ने बताया कि घटना मुवानी के सुनी गांव में हुई जहां बोक्टा गांव जा रही 'मैक्स' जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

### नौकरी का झांसा देकर 22 लाख रुपए की ठगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुलिस ने सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक भर्तीकर्ता से करीब 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता महाराष्ट्र में ठाणे जिले के डोंबिवली का निवासी है और उसका मुंबई में एक कार्यालय है। विष्णुनगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, आरोपी ने शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया था।

### पिता की बंदूक से गोली चलने से बेटे की गई जान



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र में नशे के आदी एक युवक को कथित रूप से डराने के लिए बंदूक लेकर आए उसके पिता से छीना झपटी में गोली चलने से बेटे की मौत हो गई। सेवानिवृत्त लेखाकार ओमकार गंगवर का बेटा हर्षवर्धन गंगवार (32) नशे का आदी था। उसकी अपने पिता से कुछ कहासुनी हो गई।

### गड्ढे में डूबने से तीन सगे भाई-बहनों की मौत

**छतरपुर।** मप्र के छतरपुर जिले में पानी से भरे एक गड्ढे में डूबने से तीन सगे भाई-बहनों की मौत हो गई। यह घटना जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र के गांव हटवा में सोमवार शाम को हुई। उपविभागीय पुलिस अधिकारी नवीन दुबे ने बताया कि सगे-भाई बहन लक्ष्मी (10), तनु (आठ) और लोकेंद्र (चार) खेलते-खेलते पानी से भरे एक गड्ढे में चले गए और डूब गए।

### नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़



**कांगड़ा।** कांगड़ा जिले में आज एक नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई है। इस फैक्ट्री से देश भर में नकली दवाई की सप्लाई की जाती थी, जिसमें से सबसे पंजाब में जाती थी। मामले में देहरा पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टेरेस में स्थित क्यूरेक्स फार्मा पर रेड की। रेड एसएचओ संसारपुर टेरेस के नेतृत्व में की गई।

### पहले घर से किया अगवा, फिर हत्या कर दोनों के शव को जंगल में फेंका

# जिन शिक्षादूतों की गृहमंत्री ने थपथपाई थी पीठ, नक्सलियों ने उन्हें मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भोपालपटनम

बीजापुर के अतिसंवेदनशील फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने दो शिक्षादूतों की हत्या कर दी। यह वे शिक्षादूत हैं, जिनके कार्यों की कुछ समय पहले प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने सराहना की थी। मंगलवार सुबह दोनों का शव पीलूर गांव के जंगल में बरामद हुए हैं। नक्सलियों ने दोनों पर पुलिस मुखबरी का आरोप लगाते हुए उनके घरों से अगवा किया, फिर कुछ ही घंटे बाद जंगल में ले जाकर उनकी हत्या कर दी। पिछले एक पखवाड़े में नक्सलियों ने पुलिस मुखबरी का आरोप लगाते हुए 6 लोगों की हत्या कर चुके है। इनमें 4 ग्रामीण और 2 छात्र शामिल हैं।

मारे गए शिक्षादूतों की पहचान पीलूर गांव निवासी विनोद मड़े और टेकमेट्टा निवासी सुरेश मेट्टा के रूप में हुई है। विनोद मड़े (32) कोंडापड़गु के शासकीय स्कूल में शिक्षादूत के रूप में पदस्थ थे। वहीं सुरेश मेट्टा (28) अपने ही गांव टेकमेट्टा के स्कूल में बच्चों को पढ़ाने का काम कर रहे थे। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक बीती रात नक्सलियों ने दोनों को अगवा किया और घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है और इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

### पुलिस मुखबिरी का लगाया आरोप ढाई दशक में 1821 की हत्या



### गांव के करीब ही शव को फेंका

नक्सलियों ने दोनों के शव गांव के करीब जंगल में फेंक दिया था। ग्रामीणों के अनुसार बीती रात अज्ञात नक्सलियों ने दोनों को जबरन घर से उठाया और कुछ ही घंटों बाद उनकी हत्या कर दी। यह घटना फरसेगढ़ थाना क्षेत्र की है। नक्सलियों के दहशत के चलते परिजनों ने अब तक अब तक पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज नहीं ▶▶|शेष पेज 6 पर


### शिक्षादूतों की डिप्टी सीएम ने की थी सराहना

शिक्षा के दीप जलाने वाले शिक्षादूत विनोद मड्डे और सुरेश मेटा दोनों ही शिक्षादूत योजना के तहत नक्सल प्रभावित बंद स्कूलों को फिर से शुरू करने की मुहिम में लगे थे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कुछ समय पहले जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में पहुचे उस दौरान इन शिक्षादूतों की सराहना भी की थी, जो विषम हालात में भी बच्चों को शिक्षा देने के कार्य में जुटे थे और उनका सम्मान भी किया था। इन शिक्षकों को राज्य सरकार की ओर से 10-12 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाता है। जिले में इस समय लगभग 350 शिक्षादूत कार्यरत हैं, जो दुर्गम इलाकों में जाकर बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। मारे गए ▶▶|शेष पेज 6 पर

## नक्सलियों ने माना, साल भर में 357 साथी मारे गए

- मारे गए नक्सलियों में 4 सीसी मेम्बर 15 राज्य कमेटी सदस्य समेत 136 महिला भी शामिल
- संगठन को सबसे बड़ा नुकसान दण्डकारण्य में, मारे गए 281 नक्सली

नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी कर बताया कि साल भर में उनके 357 साथी मारे जा चुके हैं। इनमें 136 महिला नक्सली और 4 सेंट्रल कमेटी मेंबर हैं। नक्सलियों ने अपने मारे गए साथियों की याद में 28 जूलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए फोर्स आक्रामक लड़ाई लड़ रही है। इस बीच नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की और से जारी कबूलनामें साल भर में हुए नुकसान का आंकड़ा दिया गया है। जारी प्रेसनोट में नक्सलियों ने एक साल के भीतर हुए नुकसान का आंकड़ा देते हुए बताया कि साल भर में उनके 357 नक्सली साथी मारे जा चुके हैं। इनमें 136 महिला नक्सली के अलावा 4 सीसीएम (सेंट्रल कमेटी मेंबर) और 15 राज्य कमेटी के सदस्य भी शामिल हैं।




### दण्डकारण्य में सर्वाधिक नुकसान

नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी की ओर से जारी बुकलेट में बताया गया है कि मारे गए 357 नक्सलियों में सर्वाधिक 281 साथी दंडकारण्य क्षेत्र में मारे गए हैं। इसके अलावा तेलगांना में 23, ओडिशा में 20, बिहार व झारखण्ड में 14, महाराष्ट्र व मध्य क्षेत्र में 8 तथा पंजाब और पश्चिमी घाट क्षेत्र में 1-1 नक्सली मारे गए। जबकि उनके 4 साथी खराब स्वास्थ्य और अनुचित उपचार के चलते मारे गए। वहीं 1 साथी दुर्घटना में तथा 80 नक्सली फर्जी मुठभेड़ों में और 269 घेराबंदी हमलों में मारे गए है।

### फोटो वायरल करने का मामला

## कलेक्टर ने पूर्व मंत्री जयसिंह को जारी किया नोटिस


Jaisingh Agrawal
1d
छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम आदिवासी नेता का अपमान बहुत ही कष्टप्रद है।छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम आदिवासी नेता, पूर्व मंत्री श्री ननकीराम कंवर खड़े हैं, जबकि महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका जी के साथ कलेक्टर अजीत बसंत बैठे हुए हैं। यह जान और सुनकर अत्यंत पीड़ा हुई।
Dr. Charan Das Mahant Deepak Baij Sachin Pilot Szarita Laitphlang
Vivek Shriwas + 1.2k

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की फेसबुक प्रोफाइल में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के राज्यपाल के सामने खड़े रहने वाली फोटो को प्रसारित करने के मामले को लेकर कलेक्टर अजीत वसंत ने श्री अग्रवाल को नोटिस जारी किया है। जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि 14 जुलाई को आपके फेसबुक प्रोफाइल में एक फोटो पोस्ट की गई है। उक्त पोस्ट के संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि, उक्त कक्ष में ननकीराम कंवर पूर्व मंत्री छग शासन क की बैठक हेतु पूर्व निर्धारित व्यवस्था थी। ननकीराम कंवर के कक्ष में प्रवेश करते ही मेरे ▶▶|शेष पेज 6 पर

- फेसबुक प्रोफाइल से तत्काल फोटो डिलिट करने का दिया निर्देश

### पूर्व मंत्री को दिए निर्देश

नोटिस में कलेक्टर ने पूर्व राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल को निर्देशित किया है कि उक्त पोस्ट को तत्काल डिलिट करें। ऐसा न करने की दशा में आम नागरिकों के मन में शासन तथा प्रशासन के प्रति असंतोष की भावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जो कि यह भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

## 'टेस्ला' आई भारत, कीमत जानकार उड़ जाएंगे होश



59.89 लाख रुपए की शुरुआती कीमत वाला मॉडल 'वाई' पेश

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर भारत में उतरते हुए 59.89 लाख रुपए की शुरुआती कीमत वाला मॉडल 'वाई' पेश किया। इसके साथ ही टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोला है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया। टेस्ला अमेरिका के अरबपति कारोबारी एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी है। मस्क ने इससे पहले उच्च आयात शुल्क को कंपनी के भारत में नहीं आने की वजह बताया था। कंपनी चीन में अपने शंघाई विनिर्माण संयंत्र से मॉडल 'वाई' को पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयात करेगी। मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी 'वाई' कभी दुनिया की सबसे ज़्यादा बिकने वाली कार थी।

### भारत में दो मॉडल

- रियर व्हील ड्राइव की शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपए - ड्राइव संस्करण की रेंज 500 किलोमीटर
- रियर व्हील ड्राइव की शुरुआती कीमत 67.89 लाख रुपए - एक बार चार्ज करके 622 किलोमीटर चलेगी



**कब से मिलेगी :** टेस्ला के दोनों संस्करणों की आपूर्ति क्रमशः 2025 की तीसरी और चौथी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि शुरुआत में पंजीकरण और आपूर्ति दिल्ली, मुंबई और गुरुग्राम में होगी।

### जांच में जुटी पुलिस

## मकान में आग लगने से पिता और पुत्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ ही किमी की दूरी पर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव के की संदिग्ध परिस्थितियों में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर से गांव में शोक की लहर फैल गई। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस के अधिकारियों के साथ फारेंसिक एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारिकी से मुआयना कर पिता पुत्र के शव को पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थानांतर्गत ग्राम आमापारा में 14-15 जुलाई की दरम्यिानी रात राजू कुर्रे पिता हीरालाल कुर्रे उम्र 26 वर्ष व ▶▶|शेष पेज 6 पर



## यमन में भारतीय नर्स प्रिया की फांसी की सजा टली, आज होनी थी फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी यमनी अधिकारियों ने टाल दी है। केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में एक यमनी नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया है। यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई को होने वाली फांसी की सजा टाल दी है। भारत सरकार ने हाल के दिनों में प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ 'पारस्परिक रूप से स्वीकार्य' समाधान तक पहुंचने ठोस प्रयास किए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में भी हुई थी सुनवाई



भारत ने प्रिया की रिहाई के लिए 'दियात' या 'ब्लड मनी' (एक तरह का मुआवजा) का विकल्प भी तलाशा था, लेकिन पता चला है कि इसमें भी कुछ समस्याएं हैं। सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया था कि वह हरसंभव कोशिश कर रही है, लेकिन यमन की स्थिति को देखते हुए ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ से कहा, एक सीमा तक ही भारत सरकार प्रयास कर सकती है और हम उस सीमा तक पहुंच चुके हैं। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा था कि सरकार अपने नागरिकों को बचाना चाहती है और इस मामले में हरसंभव प्रयास कर रही है।

### यमन गई थीं प्रिया की मां

प्रिया की मां प्रेमकुमारी पिछले साल उसकी रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत यमन गई थीं। इस मामले की संवेदनशीलता के बावजूद भारतीय अधिकारी स्थानीय जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ नियमित संपर्क में रहे, जिसके कारण सजा स्थगित कराने में सफलता मिली।

### देश में चर्चा का विषय, विभाग ने बताया तथ्यहीन

## जग हंसाई, कांग्रेस का आरोप एक स्टील जग 32 हजार में खरीदा, शासन ने कहा- कीमत ज्यादा थी, खरीदा ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में 32 हजार रुपए में एक स्टील जग की खरीदी देशभर में चर्चा का विषय बन गई। सोशल मीडिया पर वायरल खरीदी आदेश का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आदिवासी छात्रावासों के लिए 160 स्टील जग 51 लाख में खरीदे गए। कांग्रेस ने इस प्रकरण को भ्रष्टाचार का चरम बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। वहीं, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने इन आरोपों को भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। विभाग ने पत्र जारी करते हुए कहा कि कीमत अधिक होने के कारण फरवरी में ही आदेश निरस्त कर दिया गया था। ▶▶|शेष पेज 6 पर

सोशल मीडिया पर आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने कार्टून बना डाला।




### विभाग ने कोई खरीदी नहीं की

इस मामले में स्थिति स्पष्ट करते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, सूरजदास मानिकपुरी ने कहा कि वास्तव में तत्कालीन सहायक आयुक्त संजय कुर्रे द्वारा जिले के छात्रावासों के लिए जेम पोर्टल से 160 वाटर जग की खरीदी का प्रस्ताव किया गया था, किंतु दर अधिक होने के कारण यह प्रस्ताव फरवरी 2025 में ही निरस्त कर दिया गया। विभाग द्वारा इस संबंध में कोई खरीदी नहीं की गई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही जानकारी को भ्रामक और असत्य करार देते हुए कहा कि इससे विभाग की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## चिंतन

# भारत के अंतरिक्ष मिशनों के लिए भविष्य का मंच तैयार

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिवसीय सफल अंतरिक्ष यात्रा ने भारत की स्पेस मिशनों के लिए मंच तैयार कर दिया है। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहा है। भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' की तैयारी मुकम्मल स्थिति में है। भारत की योजना 2027 में स्वदेश निर्मित रॉकेट और 'क्रू कैप्सूल' के माध्यम से मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' भेजने की है। शुक्ला का अंतरिक्ष प्रवास 'गगनयान' की दिशा में एक और मील का पत्थर है। भारत के अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है तथा एक पूर्ण विकसित कक्षीय प्रयोगशाला 2035 तक आकार ले लेगी। यह मिशन मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की यात्रा में एक निर्णायक अध्याय है और यह न केवल एक कदम आगे है, बल्कि महत्वाकांक्षा को क्षमता में बदलने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए गए प्रयोगों ने भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए अंतरिक्ष कृषि और पदार्थ विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य तथा एआई तक के नए आयाम खोले हैं। भारत 2040 तक मानव चंद्र मिशन अभियान की तैयारी भी कर रहा है। 'एक्सिओम-4' के चालक दल ने अपने प्रवास के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात प्रयोग इसरो द्वारा भारतीय अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर डिजाइन किए गए थे। इन अनुभवों से हमें यह पता चलेगा कि हम अंतरिक्ष यात्रियों को कैसे प्रशिक्षित करते हैं, प्रयोगों की रूपरेखा कैसे तैयार करते हैं, तथा दीर्घकालिक, स्वतंत्र अभियानों के लिए उपयुक्त जीवनरक्षक प्रौद्योगिकियों का विकास कैसे करते हैं। 'एक्स-04 मिशन' अंतरराष्ट्रीय चालक दल एकीकरण, चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक तैयारी, वास्तविक समय स्वास्थ्य टेलीमेट्री, प्रयोग निष्पादन और चालक दल-जमीनी समन्वय की बारीकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। ये जानकारियां भारत के पहले स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए मिशन योजना, सुरक्षा सत्यापन और अंतरिक्ष यात्री की तत्परता को सीधे प्रभावित करेंगी। इस यात्रा के अनुभवों से न केवल इसरो को सहायता मिलेगी, बल्कि वैश्विक और भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह सफलता बाह्य अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शुभांशु शुक्ला को लेकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा, तो वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं, बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारी और टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुक्ला (39) ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की है। यह एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान थी, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) व अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' का सहयोग प्राप्त था तथा एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित किया गया। शुक्ला आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं तथा 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुक्ला के पास सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर और डोर्नियर-228 सहित विभिन्न प्रकार के विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। यात्रा के दौरान शुक्ला ने जीवन विज्ञान, कृषि, अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी और संज्ञानात्मक अनुसंधान के विविध क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व में सात सूक्ष्म गुरुत्व प्रयोग किए हैं। शुक्ला की सफल वापसी से भारत के मानव अंतरिक्ष यात्रा के द्वार खुल गए हैं।

## आकाश का विजेता

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



# शुभांशु की यात्रा से भविष्य की ओर तिरंगे की उड़ान

जब आकाश की अथाह गहराइयों से एक तारा धरती की ओर लौटता है, तो वह अपने साथ अनुभवों की रोशनी ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्र की आकांक्षाओं और सपनों की प्रज्वलित चमक भी लाता है। 15 जुलाई 2025 का वह ऐतिहासिक क्षण, जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन की साहसिक यात्रा पूरी कर प्रशांत महासागर के नीले विस्तार में स्प्लैशडाउन के साथ धरती को छुआ, भारत के लिए गर्व का एक नया सूर्योदय बन गया। यह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की वापसी नहीं थी; यह एक अरब भारतीयों के विश्वास, संकल्प और महत्वाकांक्षा की विजय थी। 1.30 करोड़ किलोमीटर की यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई, जो न सिर्फ एक वैज्ञानिक मील का पत्थर है, बल्कि हर भारतीय के हृदय में असंभव को संभव बनाने का ज्वलंत प्रतीक है।

25 जून 2025 को, जब फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट ने आकाश को भेदते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाया, तो वह पल भारत के लिए एक स्वर्णिम युग की शुरुआत बन गया। यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम-4 मिशन (एक्स-4) का हिस्सा थी। स्पेसएक्स के ड्रैगन यान 'ग्रेस' के साथ उनकी वापसी, कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन के साथ हुई, जिसने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व गौरव प्रदान किया। शुभांशु, राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने। उनके साथ इस मिशन में अमेरिकी कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू थे। चार दशकों बाद भारत, पोलैंड और हंगरी की संयुक्त अंतरिक्ष उपलब्धि ने इस मिशन को वैश्विक सहयोग का एक चमकता प्रतीक बना दिया। 18 दिनों के इस मिशन में शुभांशु ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों को न केवल पूर्ण किया, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिनमें से सात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के थे। इनमें टार्डिग्रेड्स जैसे सूक्ष्म जीवों पर अभूतपूर्व अध्ययन, मेथी और मूंग के बीजों का अंतरिक्ष में अंकुरण, और माइक्रोग्रैविटी में मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की गहन खोज शामिल थी। ये प्रयोग भविष्य के मंगल मिशन और पृथ्वी पर चिकित्सा विज्ञान के लिए क्रांतिकारी नींव रखेंगे। शुभांशु 263 किलोग्राम वैज्ञानिक सामग्री, नासा के हार्डवेयर और अंतरिक्ष स्टेशन से एकत्र कचरे के साथ धरती पर लौटे, जो भारत की वैज्ञानिक दृढ़ता और वैश्विक जिम्मेदारी का प्रबल प्रमाण है। उनकी वापसी की यात्रा तकनीकी कौशल और अदम्य साहस का एक अद्वितीय संगम थी। 14 जुलाई 2025 को, भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे, ड्रैगन यान ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के हार्मनी मॉड्यूल से विदाई ली, जिसने एक रोमांचक वापसी की शुरुआत की। 22.5 घंटे की इस यात्रा में यान ने 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया, जहां इसकी हीट शील्ड ने 1,600 डिग्री सेल्सियस की प्रचंड गर्मी को न केवल सहन किया, बल्कि विजय प्राप्त की। 5.7 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्टेबिलाइजिंग पैराशूट और फिर 2 किलोमीटर पर मुख्य पैराशूट ने यान की गति को 25.75 किलोमीटर प्रति घंटे तक नियंत्रित किया, जिससे सैन डिएगो तट पर प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन संभव हुआ। स्पेसएक्स की रिकवरी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेलीकॉप्टरों और नावों के जरिए शुभांशु और उनके साथियों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में सभी अंतरिक्ष यात्री पूर्णतः स्वस्थ पाए गए और उन्हें सात दिन के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस ले जाया गया। यह मिशन भारत के गगनयान कार्यक्रम के लिए एक युगांतरकारी कदम है, जो 2027 में पहला मानवयुक्त मिशन लॉन्च करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो भारत की अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तैयारियों को नई मजबूती देगा, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के वैश्विक मंच पर और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## राधिका हत्याकांड

प्रो. नीलम महाजन सिंह

हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

# अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो

अपराधशास्त्र के जनक माने जाने वाले इतालवी चिकित्सक डा. सेसारे (शेजारे) लोम्ब्रोसो 19 वीं सदी में जब किसी भी अपराध के पीछे की मानसिकता का गहन अध्ययन कर रहे थे, तब उनके अध्ययन क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी ही बेटी की नृशंस हत्या का मामला नहीं था। यूं तो वह दौर भी जघन्य अपराधों से भरपूर था, लेकिन संतान की हत्या के केस कम ही नज़र आते हैं। भारतीय समाज में ऐसी घटना विचलित करने वाली होती है। समाजशास्त्र में एक वाक्य उद्धृत है - 'नो सोसायटी एग्जिस्टज़ विदाउट क्राइम'। लेकिन इस वाक्य के भाव में भी पिता अपनी ही बेटी की हत्या कर दे, यह नहीं है। मानवता के लिए, समाज के लिए मध्ययुगीन दौर को सबसे अधिक बर्बर व हिंसक माना गया है। उस दौर में भी अधिकांश हत्याएं राजसत्ता के लिए हुई हैं, समाज में इतनी गिरावट नहीं देखी गई, जबकि समाज, सामंती सोच से अभिप्रेत था।

आज 21वीं सदी में जब समाज प्रगतिशील है, मानवीय मूल्य महत्वपूर्ण हैं, मानवता श्रेष्ठतम धर्म है, सोच-विचार से हम आधुनिक हो रहे हैं, परिवार में संवाद, उदारता, अभिव्यक्ति व स्वतंत्रता को जगह मिल रही है, वैचारिक आज़ादी है, ऐसे दौर में अगर एक पिता अपनी बेटी की हत्या सिर्फ इसलिए कर दे कि वह जीवन में आगे बढ़ना चाहती थी व उनकी कमाई पर जीने का आरोप पिता सह नहीं पा रहा था। हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। क्या बेटी का आगे बढ़ना इतना बड़ा अपराध है कि एक पिता उसकी जान ही ले ले? यदि पुत्र व पुत्री में कोई अंतर नहीं है तो उसकी कमाई में भी कोई फर्क नहीं होना चाहिए। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

पिता दीपक यादव ने अपनी 25 साल की बेटी को, ताबड़तोड़ गोलियों से भून दिया। फ़िर अपने भाई विजय से बोला, 'भाई मैंने कन्या वध कर दिया है, मुझे फांसी दिलवाओ'। वो तो मिलेगी ही मासूम बेटी के हत्यारे! राधिका की सहेली हिमांशिका सिंह राजपूत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो संदेश में कहा है कि राधिका के पापा उसे कंट्रोल करते थे। उसे तस्वीर खिंचवाना, वीडियो बनाना पसंद था, लेकिन सब धीरे-धीरे बंद हो गया व राधिका की आज़ादी उन्हें नागवार थी। राधिका कहती थी उसके परिवार में बहुत रेसट्रिक्शन हैं। हर चीज़ के बारे में सफाई देते रहो कि क्या कर रहे हो और क्या नहीं? दीपक यादव ने अपनी बेटी की हत्या का जुर्म, पुलिस व मैजिस्ट्रेट के समक्ष कुबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया था कि राधिका यादव एक टेनिस अकादमी चलाती थी, जो उसके व उसके पिता के बीच विवाद का कारण बन गई थी, क्योंकि उसके पिता को अक्सर अपनी बेटी की कमाई पर गुज़ारा करने के लिए ताने मारे जाते थे। लव जिहाद के आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया गया है।

शायद महिलाओं की बलि चढ़ती रहेगी, क्योंकि भारत में पिता, भाई, पति व पुत्र ही महिलाओं को कंट्रोल करते




हैं। दो वर्ष पूर्व देव-भूमि उत्तराखंड में 19 वर्षीय युवती, अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या के उपरान्त, महिला सुरक्षा का मुद्दा सुर्खियों में आया था। समाज की यह चुप्पी निंदा योग्य है। भोपाल की सुषमा सिंह को मगरमच्छों की झील में फेंक दिया गया था। शकीरे नमाज़ी खलीली, एक रियल एस्टेट डेवलपर थीं, जो 1991 में लापता हो गईं। मुख्य संदिग्ध उनका ढोंगी दूसरा पति, स्वामी श्रद्धानदा था, जिसका मूल नाम 'मुरली मनोहर मिश्रा' था। एक स्टिंग ऑपरेशन द्वारा; तीन साल के बाद, कर्नाटक पुलिस को उसने हत्या की बात स्वीकारा। 1994 में पुलिस को शकीरे खलीली के, आवास में दफनाए गए अवशेषों तक अपराधी ले गया। वह जेल में आजीवन कारावास में सज़ा पूरी कर, रिहा हो चुका है। राजदूत अकबर मिर्ज़ा खालिली, आईएफएस की पत्नी, शकीरे खलीली, 4 बेटियों के बाद, बेटे की मां बनने की इच्छुक थीं। वे इस तांत्रिक के जाल में फंस गईं थीं। 'निर्भया कांड'; ज्योति सिंह मर्डर केस के दरिंदों को तो फांसी मिल चुकी है। जेसिका लाल की हत्या के मामले ने सनसनी फैलाई थी। इस केस में सज़ा पाए मनु शर्मा को 'अच्छे व्यवहार' के कारण रिहा कर दिया गया। नैना साहनी की हत्या 2 जुलाई 1995 को की गई। यह हत्याकांड 'तंदूर कांड' के नाम से चर्चित हुआ। नैना साहनी के पति, कांग्रेसी नेता सुशील शर्मा, ने ही उनकी हत्या की थी। सुशील शर्मा भी कानूनी सज़ा पूरी कर आज़ाद है। 26 साल पहले हुए एक खौफनाक कांड में, पुलिस अफसर के बेटे, सुशील कुमार सिंह ने प्रियदर्शिनी मट्टू का रेप व मर्डर किया था। आम जन का पुलिस व कानून से भरोसा हटने लगा है। प्रियदर्शनी मट्टू के पिता, सी.एल. मट्टू ने यह न्यायिक युद्ध लड़ा। परंतु अब सुशील सिंह भी सजा पूरी कर आज़ाद हो चुका है। उत्तर प्रदेश के अमर मणि त्रिपाठी व मधुमिता शुक्ला का प्रसंग; रौंगटे खड़े कर देने वाला है। मधुमिता शुक्ला के गर्भवती होने की कहानी ने सुर्खियां बटोरीं। त्रिपाठी पति-पत्नी ने उसे षडयंत्रपूर्ण मार डाला व अब आजीवन कारावास काट रहे हैं। भाजपा नेता विनोद आर्य के बेटे, पुलकित आर्य के निजी रिसॉर्ट; 'अनंतरा' के परिसर से लापता हुई, अंकिता भंडारी का शव पुलिस को चिल्ला बिजलीघर के पास मिला। पुलकित आर्य को आजीवन कारावास की सज़ा हुई है। महिलाओं की हत्या व उनके साथ दरिंदगी की हदें पार हो गई हैं। सरला मिश्रा, कांग्रेसी नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की अनुयायी थी। भोपाल में उसे आग में जला कर मार दिया गया था। न्यायिक आदेश द्वारा सरला हत्याकांड की पुनः जांच, सीबीआई करेगी। सरला मिश्रा की आत्महत्या या मर्डर का रहस्य जारी है। देश में महिला हत्या की अनेक घटनाएं हुई हैं, लेकिन सबका ज़िक्र संभव नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक, सबसे अधिक क्राइम महिलाओं के खिलाफ़ हो रहे हैं।

जस्टिस ऐ. एन. वर्मा कमिटी रिपोर्ट के आधार पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून तो पारित हो गये हैं, परन्तु धरातल पर वे कार्यान्वित नहीं होते। जब तक पुरुष प्रधान समाज से 'सामंती (फ्यूडल) विचारधारा' को ध्वस्त नहीं किया जाएगा, तब तक इसी प्रकार महिलाओं के साथ अपराध होते रहेंगें। 'नारी का सम्मान', 'लाडली', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'बेटियाँ हमारी गौरव' जैसे प्रोग्रेसिव विचार; अक्षर मात्र हैं। पितृसत्तात्मक सामंती दृष्टिकोण, असंबद्ध समाज महिलाओं का हत्यारा है। राधिका यादव को इंसाफ मिलना चाहिए, यह इंसाफ समाज का प्रायश्चित है कि वो अपनी बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लें। ज़रा सोचिये, क्या राधिका की आत्मा नहीं कहेगी, 'अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो'। आप के घर में भी बच्चियां होंगीं? कृप्या उन्हें सुरक्षित रखें, गोलियों से मत भूनिये।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, विचारक, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# प्रेम क्या है?




संकलित

## दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है- न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते। बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है- मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

## प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बारिश में सड़कों पर पशुओं का बसेरा

शहर में आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों पर बसेरा बढ़ गया है। बारिश के वजह से पशु पालने वाले घरों से पशुओं को खुला छोड़ देते हैं और वे हरा पानी की तलाश में शहर का सड़कों पर आकर अपना बसेरा बनाते हैं। सड़क पर चलने वाले कुछ नागरिक या तो इनका शिकार बनते हैं या वाहनों की चपेट में आकर पशु घायल होते हैं। राजधानी में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की इन पशुओं का कांजी हाउस या अन्यत्र व्यवस्था की जा सके। नगर निगम का संबंधिक विभाग आंख मूंदे हुए है। उसे आवारा पशुओं के सड़कों पर एकत्रित होने का कोई मतलब नहीं। बेहतर हो की प्रशासन इसके संज्ञान लेकर इन पशुओं को कांजी हाउस तक पहुंचाए या उनके मालिकों को दंडित करे।

*-मनोज त्रिपाठी, रायपुर*

## करंट अफेयर

# व्यापार बढ़ाने के लिए चीन व आस्ट्रेलिया ने मिलाया हाथ

ऑस्ट्रेलिया और चीन के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को राजधानी बीजिंग में हुई वार्ता के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों पर मतभेदों के बावजूद व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई।



चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ से कहा कि मतभेदों को दरकिनार करते हुए समानता के बिंदुओं की तलाश करना हमारे दोनों देशों और दोनों जनता के मूल हितों के अनुरूप है।
प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने शी की बात से सहमति जताते हुए कहा, यह दृष्टिकोण वास्तव में ऑस्ट्रेलिया और चीन दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई अन्य देशों की तरह ऑस्ट्रेलिया भी अमेरिका और चीन की प्रतिद्वन्द्विता के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रयासरत है। जहां उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक चीन को इस्पात उद्योग के लिए लोहे के अयस्क सहित निर्यात पर निर्भर है, वहीं वह चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर अमेरिकी चिंताओं को भी साझा करता है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने 2022 में सत्ता में आने के बाद से चीन के साथ संबंध सुधारने की कोशिशें की हैं।

## ऑफ बीट

# दक्षिणी गोलार्ध में पाई जाती हैं पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियां


बर्फ सी सफेद, काली आंखों और काली चोंच वाली 'स्नो पेट्रल' उन केवल तीन पक्षी प्रजातियों में शामिल है जिन्हें कभी दक्षिणी ध्रुव पर देखा गया है।



दरअसल, अंटार्कटिका ही वह एकमात्र स्थान है जहां यह पक्षी पाया जाता है। यह अकेली ऐसी प्रजाति नहीं है। अंटार्कटिका और उप-अंटार्कटिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं जो केवल एक या कुछ गिने-चुने स्थानों तक सीमित हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह क्षेत्र ''स्थानिकता'' (एंडेमिज़्म) की दृष्टि से अत्यधिक समृद्ध हैं। यह एक महत्वपूर्ण मापदंड है जिससे यह तय किया जाता है कि किन क्षेत्रों में जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मथायस डेलिंग द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि अंटार्कटिका, उप-अंटार्कटिका और समग्र रूप से दक्षिणी गोलार्ध में पक्षियों की स्थानिकता को अब तक कम करके आंका गया है। यह निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जिन क्षेत्रों में स्थानिकता अधिक होती है वहां की प्रजातियां विशेष रूप से सीमित दायरे में पाई जाती हैं। इनका अद्वितीय विकासक्रम होता है या ये पारिस्थितिक तंत्र में विशिष्ट भूमिका निभाती हैं।

## ट्रेंड

### फिटनेस के लिए प्रेरणा



'फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया। उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। -नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चीन पर संसद में हो चर्चा



चीन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री 21 जुलाई से आरंभ हो रहे मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे। जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती। -जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### पीएम व मंत्रियों को छूट क्यों



लोकसभा में सीट पर ही उपस्थिति दर्ज करने के लिए नया मल्टीमीडिया उपकरण इस मानसून सत्र में प्रभावी हो जाएगा। यदि उपस्थिति दर्ज कराने की यह प्रक्रिया, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए है, तो प्रधानमंत्री और मंत्रियों को इससे छूट क्यों? -माणिकम टैगोर, कांग्रेस सांसद

### पुत्री हत्या में कोई गर्व नहीं



अपने ही बच्चे की हत्या करने में कोई सम्मान नहीं होता। अगर पहले कुछ लोग उसे ताने देते थे, तो अब पूरी दुनिया दीपक यादव को एक पराजित और कायर इंसान के रूप में याद करेगी। दीपक यादव, आपने इतिहास में अपनी जगह एक पराजित और डरपोक व्यक्ति के रूप में पक्की कर ली है। -ऋचा चड्ढा, बॉलीवुड अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली छात्रा की मौत, मचा घमासान

*ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती छात्रा की मौत हो गई है। छात्रा ने यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में कार्रवाई न होने से शनिवार को कालेज परिसर में आत्मदाह किया था। इसके बाद छात्रा को गंभीर हालत में एम्स भुवनेश्वर में भर्ती करवाया गया था। छात्रा ने ओडिशा के बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज में कॉलेज के एक विभाग के विभागाध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। छात्रा के पिता का कहना है कि जांच समिति ने ग़लत रिपोर्ट देकर उनकी बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया।*

## राहुल सहित विपक्ष ने ओडिशा की भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**भुवनेश्वर।** छात्रा के पिता ने कहा, 'हम न्याय माँग रहे हैं। सिर्फ़ उन दोनों को अरेस्ट करने से नहीं होगा। वास्तव में ग़लत रिपोर्ट देकर मेरी बच्ची को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया। इंटरनल कमिटी के मेंबर अपराधी हैं। सरकार से विनती है कि उनके ख़िलाफ़ सख़्त से सख़्त क़दम उठाए जाएं।' बालासोर पुलिस ने कहा है कि वो इंटरनल कमिटी की रिपोर्ट का भी अध्ययन करेगी। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त किया और उसके परिवार को आश्वासन दिया कि इस मामले में सभी दोषियों के ख़िलाफ़ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। छात्रा के आत्मदाह के बाद प्राचार्य दिलीप कुमार घोष और सहायक प्रोफेसर (स्टेज-I) समीरा कुमार साहू को निलंबित कर दिया गया है।

■ **पिता बोले - आत्महत्या के लिए किया गया मजबूर**

### कांग्रेस समेत 8 पार्टियों ने किया बंद का आह्वान

इस मामले में अब कांग्रेस के नेतृत्व में आठ विपक्षी दलों ने 17 जुलाई को एक दिन के लिए ओडिशा बंद का आह्वान किया है। इस घटना की जानकारी देते हुए ओडिशा कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि ओडिशा बंद को वाम दलों सहित आठ दलों का समर्थन प्राप्त है।



### सिस्टम द्वारा की गई हत्या : राहुल

ओडिशा के बालासोर में यौन उत्पीड़न से परेशान होकर छात्रा के आत्मदाह करने पर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छात्रा की मौत को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि ओडिशा में इंसाफ के लिए लड़ती एक बेटी की मौत सीधे-सीधे भाजपा के सिस्टम द्वारा की गई हत्या है। उस बहादुर छात्रा ने यौन शोषण के खिलाफ आवाज़ उठाई, लेकिन न्याय देने के बजाय, उसे धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया, बार-बार अपमानित किया गया। राहुल ने कहा कि जिन्हें उसकी रक्षा करनी थी, वही उसे तोड़ते रहे। हर बार की तरह भाजपा का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा और एक मासूम बेटी को खुद को आग लगाने पर मजबूर कर दिया। ये आत्महत्या नहीं, सिस्टम द्वारा संगठित हत्या है। ओडिशा हो या मणिपुर, देश की बेटियां जल रही हैं, टूट रही हैं, दम तोड़ रही हैं। और आप खामोश बैठे हैं?

### ओछी राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रधान

राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का ओडिशा की बेटी के साथ हुई दुखद घटना पर ओछी राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एक गंभीर और संवेदनशील मामले को राजनीतिक हथियार बनाना राहुल गांधी की सस्ती मानसिकता को दर्शाता है। ओडिशा की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका बना लिया है।

# क्या एयर इंडिया ने क्रैश से पहले ब्रिटेन की चेतावनी को नजरअंदाज किया

## ब्रिटिश अथॉरिटी ने फ्यूल स्विच के इंस्पेक्शन को लेकर जारी किया था अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान के अहमदाबाद में क्रैश ने कई गंभीर सवाल खड़े किए. इस दुर्घटना से सिर्फ चार हफ्ते पहले, ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) ने फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर एक अहम चेतावनी जारी की थी, जिसमें बोइंग 787 ड्रीमलाइनर सहित पांच मॉडलों पर रोजाना जांच का निर्देश दिया गया था। हालांकि, एयर इंडिया गैर-जरूरी मानते हुए इस फ्यूल स्विच की जांच नहीं करता।

ब्रिटेन की सीएए ने 15 मई को जारी सिक्योरिटी अलर्ट में कहा था कि बोइंग के कुछ विमानों में लगे फ्यूल शटऑफ वॉल्व एक्टुएटर एक संभावित सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकते हैं। इस आधार पर उन्होंने सभी एयरलाइन ऑपरेटर्स को निर्देश दिया कि वे एफएए के एयरवर्थीनेस डायरेक्टिव (एडी) की समीक्षा करें और देखें कि क्या यह उनके विमानों पर लागू होता है।

## बोइंग 787 ड्रीमलाइनर सहित पांच मॉडलों पर रोजाना जांच का था निर्देश

### क्रैश हुए विमान मॉडल भी चेतावनी की लिस्ट में

इस चेतावनी में बोइंग 737, 757, 767, 777 और 787 मॉडल शामिल थे और एयरलाइनों को निर्देश दिया गया था कि वे अपने विमानों पर फ्यूल शटऑफ वॉल्व एक्टुएटर की जांच, परीक्षण या जरूरत के मुताबिक बदलाव करें। एयर इंडिया ने इस चेतावनी को लागू नहीं किया। एयर इंडिया का कहना है कि एफएए द्वारा 2018 में जारी विशेष एयरवर्थीनेस सूचना बुलेटिन (एसएआईबी) सिर्फ एक सलाह थी, जबकि अनिवार्य नहीं. इसलिए उन्होंने फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच नहीं कराई।



### शुरुआती जांच रिपोर्ट

एएआईबी द्वारा जारी शुरुआती जांच रिपोर्ट में लिखा है, 'एयर इंडिया से मिली जानकारी के मुताबिक, सुझाव के मुताबिक निरीक्षण इसलिए नहीं किया गया क्योंकि एसएआईबी सिर्फ सलाह थी, और यह अनिवार्य नहीं था। वीटी-एएनबीविमान पर 2019 और 2023 में थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल बदला गया, लेकिन यह बदलाव फ्यूल कंट्रोल स्विच से संबंधित नहीं था।' इनके अलावा रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2023 के बाद से वीटी-एएनबी विमान में फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी कोई खराबी दर्ज नहीं हुई थी। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या एयर इंडिया ने सीएए की 15 मई 2025 की सुरक्षा चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया? जबकि यह चेतावनी ऑपरेटर्स के लिए स्पष्ट रूप से एक्शन योग्य थी, ना कि सिर्फ सलाह।

### अब कर रहा है बोइंग के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच

एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने बोइंग 787 और बोइंग 737 बेड़े में फ्यूल कंट्रोल स्विच (FCS) की जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई 12 जुलाई से शुरू हुई, उसी दिन जब एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट सार्वजनिक की गई थी। सूत्रों के अनुसार, बोइंग 787 विमानों में अब तक लगभग 50% FCS की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि बोइंग 737 बेड़े में लगभग 100% जांच पूरी कर ली गई है। सूत्रों ने यह भी बताया कि अब तक की गई जांच में फ्यूल कंट्रोल स्विच में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

## पीएम मोदी कार्टून मालवीय की गिरफ्तारी पर रोक

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी एक कार्टूनिस्ट के माफीनामे के बाद, गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।



शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक पोस्ट पर भी चिंता व्यक्त की। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा, 'लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा।' इस बीच, पीठ ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्य प्रदेश में दर्ज प्राथमिकी के मद्देनजर राज्य की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में माफी मांग ली गई है।

## चुनाव के छह महीने के भीतर न हो वोटर लिस्ट चेकिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेलुगु देशम पार्टी ने निर्वाचन आयोग से आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए पर्याप्त समय देने का आग्रह किया है। तेदेपा का कहना है कि इसे किसी बड़े चुनाव के छह महीने के भीतर नहीं कराया जाना चाहिए और नवीनतम मतदाता सूची में पहले से नामांकित मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी दल की ओर से निर्वाचन आयोग को दिए गए सुझाव बिहार में चल रहे एसआईआर को लेकर राजनीतिक विवाद के बीच आए हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के करीब होने के कारण इसका क्रियान्वयन और कई मामलों में संभावित मतदाताओं पर प्रमाण दिखाने का बोझ विपक्षी दलों की आलोचना का कारण बना है।

## 'हम बुजुर्ग हो गए हैं तो क्या कचरे में फेंक देंगे'

**भोपाल।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के 75 साल की उम्र में राजनीति से अलग होने के संकेत पर पूरे देश में चर्चा हो रही है। मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमारिया ने इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।




उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को साथ लेकर चलने से काम बेहतर होता है। उन्होंने सवाल किया कि क्या माता-पिता को कचरे में डाल दिया जाएगा। कुसमारिया ने यह भी कहा कि अगर वे बुजुर्ग हैं, तो क्या उन्हें भी उठाकर फेंक दिया जाएगा।

75 साल के हो जाएंगे 27 विधायक- मध्य प्रदेश में बीजेपी के लगभग 27 विधायक 2028 के विधानसभा चुनाव तक 75 साल के हो जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कुसमारिया के सहारे सरकार को घेरा है। उन्होंने ओबीसी आयोग में खाली पदों और भवन की मांग को लेकर सरकार पर निशाना साधा है।

## खान सर पर भारी पड़ेगा राजा हरि सिंह का अपमान?

**पटना।** पटना वाले खान सर अपने पढ़ाने के अंदाज को लेकर तो वायरल रहते ही है लेकिन हाल के दिनों में उनके कई इंटरव्यूज भी चर्चा का विषय बने हुए हैं।



इन इंटरव्यूज में उन्होंने जम्मू कश्मीर के महाराजा हरि सिंह की जमकर आलोचना की थी और उन्हें स्वार्थी तक बता दिया था। इसको लेकर उनके खिलाफ बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने खान सर के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि कश्मीर के महाराजा हरि सिंह पर विवादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष राकेश बजरंग ने कहा कि खान सर को जम्मू कश्मीर के महाराजा और उनकी दूरदृष्टि का कोई ज्ञान नहीं है।


**राज्य बाल संरक्षण समिति, छत्तीसगढ़**
**संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dirwed@nic.in**

// दावा आपत्ति प्रकाशन //

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय चाईल्ड हेल्पलाईन के रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति के संबंध में प्रसारित विज्ञापन दिनांक 27.11.2024 पर पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन व दावा आपत्ति का आमंत्रण

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय चाईल्ड हेल्पलाईन के रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति के लिए दिनांक 27.11.2024 को विज्ञापन क्र. 10487 द्वारा विज्ञापन जारी किया गया था। जारी विज्ञापन के अनुक्रम में प्राप्त आवेदनों के प्रारंभिक परीक्षण उपरांत निम्नानुसार पदों के लिए पात्र/अपात्र आवेदको की सूची तैयार की गई है :-

| क्र | पदनाम | कुल पदों की संख्या | प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या | पात्र अभ्यर्थियों की संख्या | अपात्र अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेल्पलाईन एडमिनिस्ट्रेटर | 1 | 464 | 32 | 432 |
| 2 | कॉल आपरेटर | 12 | 1031 | 39 | 992 |
| 3 | आईटी सुपरवाईजर | 1 | 808 | 546 | 262 |
| 4 | मल्टी पर्पज स्टाफ | 3 | 856 | 186 | 670 |
| 5 | सुरक्षा गार्ड/रात्रिकालीन गार्ड | 3 | 151 | 22 | 129 |
| | योग | 20 | 3310 | 825 | 2485 |

प्रारंभिक सूची छत्तीसगढ़ शासन www.cgstate.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल/कार्यालय में उपलब्ध है। इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो दिनांक 25 जुलाई 2025 तक उपयुक्त अभिकथन व दस्तावेजों के साथ संचालनालय, माहिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रावती भवन द्वितीय तल, ब्लॉक ए नवा रायपुर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

(पदुम सिंह एल्मा)
संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

जी 252602205/1



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 10.07.2025

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 25.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू.क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 120/दुर्ग (बेमेतरा)/2025 | ग्राम चरगांव वि.ख. बेमेतरा में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 70.19 | तृतीय |
| 121/ दुर्ग (बेमेतरा)/2025 | ग्राम केहका वि.ख. साजा में हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.73 | तृतीय |
| 122/दुर्ग (बेमेतरा)/2025 | ग्राम बोरतरा वि.ख. साजा में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 68.00 | तृतीय |
| 123/दुर्ग (बेमेतरा)/2025 | ग्राम कृठिया रांका वि.ख. बेरला में हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.40 | द्वितीय |
| 124/ दुर्ग (राज.)/2025 | जिला राजनांदगांव के मचानपुर वि.ख. डोंगरगांव में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.99 | चतुर्थ |
| 126/दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत कमकापार में हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.40 | तृतीय |
| 127/ दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 02 बालोद के अंतर्गत पीपरछेडी में हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.88 | द्वितीय |
| 128/दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत सांकरा में हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.40 | द्वितीय |
| 129/दुर्ग (दुर्ग)/2025 | जिला दुर्ग के वि.ख. पाटन अंतर्गत ग्राम तेलीगुण्डरा में हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 119.91 | द्वितीय |

टीप-1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876

जी.-252602195/4



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय-साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन

फा.क्र./289 एवं 295/ निर्माण (पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/2025/
कोरबा, दिनांक 09.07.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि-31.07.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि-31.07.2025 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 33 अंतर्गत मानिकपुर उराव बस्ती के समीप मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कार्य। (पार्षद मद 2025-26) (द्वितीय निविदा) | 7,00,000/- | 5,500/- |
| 2 | वार्ड क्र. 30 अंतर्गत आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2025-26) | 7,00,000/- | 5,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)- 492006
CIN U45203CT1981SG001853, PAN AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288NSZY Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**
No.: 09/CSIDC/E.E./Division-1/2025-26/172049
Raipur, Dated 14/07/2025

Online tenders are invited in Form-B (Item rate basis) from "A" class electrical license contractor registered in Class-D & Above in New Unified Registration System (E-Registration) website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Operation, Repair/ Maintenance/ Inspection & Security of Street Lighting/ High Mast Lighting System at I/A Sirgitti, Tifra, Silpahari Bilapsur and Periodical Repairing & Maintenance of Street Lights at Various I/A Nayanpur-Girwarganj (Surajpur) Gangapurkhurd (Ambikapur), Anjani Pendra Road, Kapan(Janjgir-Champa) And Khamharia (Mungeli) (C.G.) | D & Above | 12 Months | 59.16 Lacs | 44,500/- | 3540/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 14/07/2025 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.
**NOTE: (1)** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in. **(2)** Tenderer may contact to E.E., Div-IV, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.

S.-44537 **Executive Engineer, Division-I**



**कार्यालय नगर पंचायत पथरिया, जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
EMAIL ID - nppatharia13@gmail.com

क्रमांक 356/ लो.नि.वि./ न.पं. / 2025-26 पथरिया, दिनांक 14/07/2024

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
http//eproc.cgstate.gov.in
UAD portal:http/Uadcgeprocurement.govt.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत पथरिया के निम्नलिखित कार्य का ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रमांक | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 172066 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्लेसमेंट कर्मचारी रखने हेतु। | 50.00 | 37500.00 |

उपरोक्त निविदाओं की विस्तृत शर्ते/ निविदा विज्ञप्ति/ निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में एवं विभागीय वेबसाईड eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)



**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(First Call

NIT NO:113/15FC/RMC/2024 RAIPUR DATED : 11/07/2025

Online bids are invited for the following works up works up to 08/08/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Eligible class of contract or/firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 171965 | Providing, Lowering, Laying, Jointing and testing Clear water Pumping main, Providing, Lowering, Laying, Jointing & Testing Distribution System with FHTC (Functional House Service Connection), Providing PLC SCADA Complete with all allied works. | 3573.11 Lakh (Form-A=3254.27 +Form-B 318.84) | 10,000.00 | 17,87,000 | Class "A" | 24 Month i/c 03 Month Trial Period |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 14/07/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.
Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) For More Details please download NIT details.

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India
Khadi India

प्रत्रांक: राकाछग/ग्रामो. सम./ग्रा.वि.यो./ आवेदन आमंत्रित/2025-26/ दिनांक 16.07.2025

**-:: आवेदन आमंत्रण सूचना ::-**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रायपुर द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए हनी मिशन, फुटवियर निर्माण, फुटवेयर मरम्मत टूल्स किट, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर, टर्न वूड क्राफ्ट, ईमली प्रसंस्करण, विद्युत कुम्हारी चाक, आटोमेटिक अगरबत्ती निर्माण तथा सेमी ऑटामेटिक पेपर प्लेट एवं दोना निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र से बेरोजगार युवक/युवतियों द्वारा योजना के नियमानुसार टूल्स किट्स वितरण कर स्वरोजगार संवर्धन हेतु आवेदन आमंत्रित है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के प्रधान कार्यालय, मुम्बई से वर्टिकल/ उद्योग अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों के आधार पर निम्नलिखित शर्तो एवं पात्रता पूर्ण करने के पश्चात आवेदकों का चयन किया जावेगा। चयनित आवेदको को योजना के नियमानुसार प्रशिक्षण उपरांत निम्न शर्तो के अनुसार उपरोक्त वर्टिकल में मशीनरी/ टूल कीट्स प्रदान करने का प्रावधान है।

| क्र. | विवरण | एस.सी./एस.टी | सामान्य/अन्य | बी.पी.एल. श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वयं का अंशदान (मशीनरी लागत) | 10 प्रतिशत | 20 प्रतिशत | 0 प्रतिशत |
| 2 | प्रशिक्षण शुल्क | निःशुल्क | निःशुल्क | निःशुल्क |
| 3 | हनी मिशन के मामले में प्रशिक्षण शुल्क (पुरूष) | निःशुल्क | रू. 500.00 | रू. 500.00 |

पात्रता-
1. आवेदन के समय आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष से कम तथा 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए,
2. एक परिवार से एक सदस्य ही योजना का लाभ ले सकते है,
3. योजना के नियमानुसार आबंटित श्रेणीवार (अनुसूचित जाति/ जनजाति/ बीपीएल) लक्ष्यांक के अनुसार बेरोजगार युवक/युवतियों को वरीयता दी जायेगी ।
4. उपरोक्त वर्णित किसी भी ग्रामोद्योग अंतर्गत आवेदन हेतु पूर्व में किसी भी केन्द्र / राज्य शासन के कार्यालय से समान गतिविधी में औजार एवं उपकरण प्राप्त किया गया हो वह व्यक्ति आवेदन के पात्र नहीं होंगे। जिसके लिए आवेदक को घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आत्मसमर्पित नक्सली/ उग्रवादी/ रक्षा कार्मिक एवं अर्ध सैनिक बलों की विधवाओं तथा उग्रवाद प्रभावित परिवार आदि के पुर्नवास/ पुर्नस्थापन हेतु व्यक्तियों को भी वरियता दी जायेगी ।
6. इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत आवेदक के अलावा राज्य के नाबार्ड, केव्हीके, एन. आर. एल. एम., योग्य गैर सरकारी संगठन आदि द्वारा अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है ।

**आवश्यक दस्तावेजः-** आवेदक आवेदन में अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, पूर्ण पता, आधार नंबर, जन्मतिथि, मोबाईल नंबर, शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, जाति / वर्ग, बैंक का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड, बीपीएल कार्ड आदि समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा ।

राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, प्रथम तल, गांधी भवन, कंकाली पारा, रायपुर (soraipur.kvic@gov.in) में भेजने एवं व्यक्तिगत / डाक द्वारा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 14.08.2025 को कार्यालयीन समय तक है।

अधिक जानकारी एवं आवेदन के प्रारूप हेतु राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2886428 पर सम्पर्क कर सकते है ।

राज्य निदेशक

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्य मंत्रालय, भारत सरकार**
**राज्य कार्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़**
प्रथम तल गांधी भवन, केयूर भुषण स्मृति परिसर, कंकाली पारा,रायपुर- 492001
Ist floor,Gandhi Bhavan, keyur Bhushan Smiriti Campus, Kankali para, Raipur - 492001
दूरभाष /Tele : 0771-2886428, ई मेल / E-mail:- soraipur.kvic@gov.in
*GSTIN No. 22AAAAK8320N1ZO, GSTIN No. 22JBP02531E1DG (TDS Under GST )*




# श्रद्धा से पूजे जाते हैं सतधारा महादेव

आस्था

घनश्याम नाग

कांकेर जिले में बड़े डोंगर से लगभग 12 कि मी दूर बारदा नदी सात धाराओं में बहती है। यह नदी एक स्थान से सात धाराओं में विभक्त हो जाती है और लगभग एक किलोमीटर दूर तक अलग अलग धाराओं में बहने के साथ सात धाराओं में पुनः एक ही धारा में समाहित हो जाती है। इन जलधाराओं के बीच एक टापू है, इस टापू में विशाल चट्टान के बीच में स्वयंभू शिवलिंग है इसलिए इसे सत धारा महादेव के नाम से जाना जाता है। अब यहां मंदिर भी निर्मित कर



दिया गया है। ग्रामीणों का मानना है कि यह शिवलिंग निरन्तर बढ़ता जा रहा है। इस मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग के अलावा नरमुंडों की माला पहने मां काली विराजमान हैं साथ में गणेशजी की पुरातात्विक महत्व की प्राचीन प्रतिमा है। यहां के पुजारी के भक्ति भाव से एक चमत्कारिक घटना घटी। घटना की जानकारी बस्तर महाराजा को हुआ तो वे महादेव के दर्शन कर पुजारी को ताम्र पत्र भेंट कर राज्य की ओर से स्थाई पुजारी घोषित कर दिया। नदी का विहंगम दृश्य मनोरम है, नदी के बीचों बीच में कई दरहा और जल गुफाएं हैं। इन जल गुफाओं से जुड़ी अनेक जनश्रुति एवं किंवदंती भी प्रचलित है।

चिन्हारी

बद्री प्रसाद पारकर

## छेना राख के महत्ता ल बिसरत हन



लकड़ी छेना ला जलाए के बाद राख बनथे। राख के सबले बढ़िया बुता काम बर्तन ला मांजे के काम आए। बड़े बिहानिया ले जम्मो घर में राख ले बर्तन मन ला दाई, महतारी, बहिनी मन मांजे। रा ले बर्तन मांजे ले चमकत रहय। ए छेना के राख ले बर्तन ह रोगाणु रहित हो जाए। कोनो प्रकार के रोग राई के कीरा रहय वोह मर जाए। एक दूसरा बात ये रहय कि घर में गाय गरुवा मन के कोठा ह गन्दा हो जाए चिखला हो जाए त राख ले भरे जाए। एकर ले वो जगा सूखा जाय। पहली के बेरा म लोगन बाहिर बट्टा जाए त ऊंहा ले आए के बाद लोटा आऊ हाथ ल राख ले मांजत रिहिन। आज के बेरा में हर किसम के रसायन ले बने साबुन सोडा आगे हे। ए रसायन के उपयोग ले चमड़ी रोग, पानी के जहरीला होना, लाभदायक कीरा मकोड़ा के हानि होना, खर्चीला होना जइसे कतकों हानिकारक प्रभाव देखे ल मिलत हे। आज एकरे सेती लोगन मन के खर्चा बाढ़ गेहे। पहली तीली काड़ी, चिड़चिटा काड़ी ला जला के वोकर राख ले कपड़ा ल धोए जाए। आज ऐसन देखे ल नी मिलय। शुरू शुरू में माटी राख ले कपड़ा धोए। अब तो नदिया तरिया मा साबुन ले कपड़ा धोए के पाउडर, बर्तन मांजे के साबुन ले पानी मन जहरीला होवत हे। एकर ले वातावरण ह घलो प्रदूषण होत हे। जन जीवन संग पेड़ पौधा संग जानवर ऊपर घलाव प्रदूषण के मार पड़त हे। राख के उपयोग ले कोनो खर्चा वाले बात नी रीहिस। राख के उपयोग ले खातू मिलाय।

लोकगीत

कमल नारायण

## वर्षा ऋतु का चित्रण सरगुजा लोकगीतों में



सरगुजा अंचल के लोकगीत बिहारी के दोहों की तरह है। पानी के अभाव को गुरु की महिमा के साथ जोड़ कर इस प्रकार गाया जाता है -

पानी बिगर जलाहल, जला बिगर मीना।
गुरू के चरण बिगर पड़े हो अधीन।

चारों तरफ काले काले बादल घिर जाते हैं। ऐसे समय में किसानों की बेचैनी और बढ़ जाती है और वे करमा गीत के माध्यम से अपनी भावना को इस तरह व्यक्त करते हैं -

कोन खूंटे ऊंधे कारी बदरिया, बरीसु पानी हमर देशे।
कोन खूंटे बरिसे ल पानी बरीसु पानी हमर देशे।
पुरबे ले ऊँधे कारी बदरिया, बरीसु पानी हमर देशे।
पछीमे खूंटे बरिसे ल पानी बरीसु पानी हमर देशे।

अंचल में भीषण गर्मी के बाद पानी नहीं बरसने पर मेंढकों की विधि विधान से शादी कराने से अच्छी वर्षा होने लगती है, इसे बैंग विवाह कहते हैं। यहां करमा गीत में पानी के लिए मेंढक से गुहार करते हुए किसान कह उठता है -

ये मुंदी तरी आहा रे, बैंग राजा पानी ला बुलावे।
ये नईहर का जोड़ा सेंडिल छूटीस रे, अब दिला टूटे हाय रे।

वर्षा ऋतु के आते ही गांवों का दृश्य बदल जाता है। प्रकृति की गोद पुनः हरी भरी हो जाती है। किसान मल्हार राग गा उठते हैं। इस अंचल में लोक पर्वो की शुरुआत लोक पर्वो से होती है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

जनजाति विशेष

एम. एस. पैंकरा

# कंवर जाति की धार्मिक मान्यताएं




**कंवर जाति की धार्मिक मान्यताएं मुख्य रूप से प्रकृति और पूर्वजों की पूजा पर केंद्रित हैं। वे कई देवताओं और आत्माओं में विश्वास करते हैं, जिनमें दूल्हा देव, बूढ़ा देव, ठाकुर देव, और देवी शामिल हैं। वे अपने देवताओं को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान और त्यौहार मनाते हैं, जैसे कि बार नृत्य और शैला नृत्य। कंवर जनजाति जीववाद में विश्वास करती है, जिसका अर्थ है कि वे मानते हैं कि हर चीज में आत्मा या ऊर्जा होती है।**

सनातन धर्म अर्थात हिन्दू धर्म में कंवर जाति के लोग कुछ वर्षों से अपने संस्कारिक कर्म कांडों को सनातन धर्म की विधि के अनुसार ब्राम्हणों के माध्यम से कराते हैं। प्रारंभ में जशपुर सरगुजा जिला, उड़ीसा और झारखंड राज्य की सीमा से लगे होने के कारण उड़िया ब्राम्हणों की पहुंच कंवर समाज के परिवारों तक थी और उड़ीसा ब्राम्हणों द्वारा कर्म कांड पूजा पाठ कराया जाता था। उड़िया ब्राम्हणों के अतिरिक्त झारखंड, बिहार राज्य के तरफ से भी जशपुर सरगुजा अंचल में ब्राम्हणों का आगमन हुआ और इनके द्वारा भी क्षेत्र में स्थाई रूप से निवास कर कंवर समाज के परिवारों में संस्कारिक कर्म कांड कराने लगे। इन ब्राम्हणों द्वारा कंवर समाज के परिवारों में संस्कारिक कर्म कांड जैसे शादी कराना, मृत्यु पर तेरहवीं और जन्म संस्कार शामिल हैं। ब्राम्हणों द्वारा कंवर समाज के पूर्वजों द्वारा चली आ रही परम्परा मातृ और पितृ पूजन पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया गया। कंवर जाति के परिवार शादी के समय कन्या दान अथवा सात फेरे और हवन पूजन ब्राम्हणों द्वारा सनातन परम्परा द्वारा किया जाता है , लेकिन घर के अंदर मातृ और पितृ पूजन परिवार के वरिष्ठ जन ही करते हैं, जहां ब्राम्हणों का प्रवेश वर्जित रहता है। इसके अतिरिक्त कंवर जाति के परिवार के घरों के आंगन में तुलसी चबूतरा की स्थापना और सत्य नारायण कथा के साथ गृह प्रवेश पूजा भी कराया जाता है। इस तरह इस क्षेत्र में सनातन धर्म प्रभावी है।



पर्यटन: भारती शर्मा

# पर्यटकों को लुभाता सीतानदी अभयारण्य



प्रकृति की नैसर्गिक छटा में नदी, पहाड़, झरने का आनन्द लेने पर्यटक दूर दूर तक पहुंचते हैं और आत्मिक आनंद का अनुभव करते हैं। ऐसे ही पर्यटकों को सुखद अनुभूति कराता सीतानदी अभ्यारण्य है। यह अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 160 कि मी दूर रायपुर से दक्षिण दिशा में नगरी सिहावा पर स्थित है। वनों से पूरी तरह आच्छादित है यह पूरा क्षेत्र। इसके साथ यह स्थान धार्मिक महत्व का भी है जो सप्त ऋषियो की तपोभूमि से घिरा हुआ है। इस अभ्यारण्य में अनेक दुर्लभ जंगली जानवरों को देखा जा सकता है। इस क्षेत्र के आसपास कई रमणीय स्थल, बड़े जलप्रपात, जलाशय हैं जो खासकर बरसात के मौसम में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।




लोक साहित्य

श्यामा सिंह

## छत्तीसगढ़ में खंड काव्य

छत्तीसगढ़ी में खंड काव्यों की रचना बीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक से हुई है। अनेक कवियों ने खंड काव्य लेखन किया है। छत्तीसगढ़ी का प्रथम खंड काव्य पंडित सुरेन्द्र दुबे रचित दानलीला, गोविन्द राव रचित नागलीला, पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी रचित राम वनवास, बृजलाल शुक्ल रचित सबरी सत्कार, किसन कन्हैया और सुकुवा, गया प्रसाद बसेढ़िया रचित महादेव के बिहाव, जमुना प्रसाद यादव रचित श्याम संदेश, कुंवर दलपत सिंह रचित राम यश, वूलन दास कुर्रे रचित महाभारत चक्रव्यूह, कपिल नाथ कश्यप रचित सीता के अग्नि परीक्षा, हीरा कुमार, मदन लाल प्रजापति रचित मोरध्वज, गांधी गाथा, संतराम साहू रचित लोरिक चंदा, ढोला मारु, कामकंदला, मन्नीलाल कटकवार रचित लीलागर, मेहतर राम साहू रचित रतना बपरी, हेमनाथ यदु रचित छत्तीसगढ़ दर्शन, गोविन्द राव




बिट्ठल रचित नागलीला, शिवदास पाण्डेय रचित छत्तीसगढ़ी दानलीला, श्यामलाल चतुर्वेदी रचित राम वनवास, डा विनय पाठक रचित सीता के दुख, प. सुन्दर लाल शर्मा रचित छत्तीसगढ़ी दानलीला, गया प्रसाद बसेढ़िया रचित महादेव के बिहाव, जमुना प्रसाद यादव रचित श्याम संदेश, मदनलाल प्रजापति रचित मोरध्वज और गांधी गाथा, हरि ठाकुर रचित शहीद वीर नारायण सिंह के साथ लोकनाथ, लक्ष्मण मस्तूरिया सहित कई साहित्यकार खंड काव्य लेखन के माध्यम से छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं।

गांव की कहानी: कृष्णा रंजन



# राजा तखतसिंह के नाम पर तखतपुर

सन 1685 में राजा तखतसिंह हैहय वंश की गद्दी पर बैठे। इन्होंने बिलासपुर जिला अंतर्गत तखतपुर में एक महल और शिवजी का मंदिर बनवाया। यहां शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार की शुरुआत की जो आज तक लग रहा है। उनका पुत्र राजदेव सिंह 1681 में रतनपुर की गद्दी पर बैठा। इन्होंने रतनपुर की पूर्वी सीमा पर एक नया महल तैयार कराया और उसके निकट एक तालाब भी निर्माण कराया। नगर के एक भू भाग का नामकरण भी इन्हीं के नाम पर हुआ। इनका कोई संतान नहीं हुआ, इसलिए उन्होंने रायपुर राज परिवार के मोहन सिंह को गोद लेना निश्चित



किया, लेकिन मोहन सिंह को यह बात पता चलता इसके पहले राजा के दुर्घटना के कारण राजा से समय पर नहीं मिल सका। मजबूरी में अपने काका सरदार सिंह को राज्य सौंप कर चल बसा। मोहन सिंह को जब इस बात का पता चला तो राजा की इच्छा पूर्ण करने की ठान ली। सरदार सिंह 20 वर्ष तक शासन किया और इनके भी कोई पुत्र नहीं होने के कारण अपने छोटे भाई रघुनाथ सिंह को राज्य सौंप दिया। रघुनाथ सिंह का शासन काल कमजोर रहा और मराठा शासकों ने राज्य अपने अधीन कर लिया।

## खबर संक्षेप



### पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले। बिजॉय ने कहा, ''मैं पंजाब एफसी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं और अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। क्लब में रक्षा पंक्ति में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है जो मेरे विकास के लिए बहुत अच्छा है और यह मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर



**तोक्यो।** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

# टेस्ट क्रिकेट : भारत के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने जड़े हैं सबसे ज्यादा शतक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार शतक (104) जड़ते हुए खास उपलब्धि हासिल की। यह भारत के खिलाफ उनका 11वां टेस्ट शतक रहा। सीरीज के पहले 2 टेस्ट में रूट का बल्ला खामोश रहा था। रूट अब भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आइए नजर डालते हैं उन बल्लेबाजों पर, जिन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाए हैं।

### स्टीव स्मिथ और जो रूट (11-11 शतक)

इस सूची में रूट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ हैं। दोनों ने भारत के खिलाफ 11-11 शतक लगाए हैं। रूट ने 33 टेस्ट की 60 पारियों में यह कारनामा किया है। स्मिथ ने 24 टेस्ट की 46 पारियों में 11 शतक लगाए हैं। इस कंगारू बल्लेबाज ने 58.90 की औसत से 2,356 रन बनाए हैं। रूट के बल्ले से 54.87 की औसत से 3,059 रन निकले हैं।





### गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और पोंटिंग (8-8 शतक)

दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 बल्लेबाज गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और रिकी पोंटिंग हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट में संयुक्त रूप से 8-8 शतक लगाए हैं। सोबर्स ने 18 टेस्ट की 30 पारियों में 83.47 की औसत से 1,920 रन बनाए थे। रिचर्ड्स के बल्ले से 28 टेस्ट की 41 पारियों में 50.71 की औसत 1,927 रन निकले थे। पोंटिंग ने 29 मैचों की 51 पारियों में 54.36 की औसत से 2,555 रन बनाए थे।

### इन 6 बल्लेबाजों ने जड़े हैं 7-7 शतक

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 6 बल्लेबाज हैं। एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज), माइकल क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया), शिवनारायण चंद्रपॉल (वेस्टइंडीज), क्लाइव लायड (वेस्टइंडीज) और एलिस्टेयर कुक (इंग्लैंड) ने भारत के खिलाफ 7-7 शतक जड़े थे। कुक ने इन खिलाड़ियों में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 2,431 रन बनाए थे। उन्होंने 30 टेस्ट की 54 पारियों में 47.66 की औसत से ये रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन रहा था। कुक भारत के खिलाफ आखिरी बार 2018 में खेले थे।

### जयवर्धने सहित छह ने जड़े हैं 6-6 शतक

डेविड बून (ऑस्ट्रेलिया), मुदस्सर नजर (पाकिस्तान), जहीर अब्बास (पाकिस्तान), महेला जयवर्धने (श्रीलंका), केविन पीटरसन (इंग्लैंड) और मैथ्यू हेडन (ऑस्ट्रेलिया) इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 6-6 शतक लगाए हैं। हेडन ने इन खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा 1,888 रन बनाए हैं। उन्होंने 59 की औसत से बल्लेबाजी की है। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक भी निकले थे। उनकी औसत 65.92 की रही थी।

सात बल्लेबाज 0 पर आउट, सिर्फ एक ही छू सका दहाई का आंकड़ा

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रन पर किया ढेर, सीरीज 3-0 से जीती

एजेंसी ▶▶ किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रन से जीत कर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रन के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रन और दूसरा टेस्ट मैच 133 रन से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

### स्टार्क ने 15 गेंद पर लिए 5 विकेट

अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए।





### ग्रीव्स ने 11 रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे। यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

### 70 साल पुराना रिकॉर्ड टूटने से बचा

वेस्टइंडीज का यह टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। उसने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए 47 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। छठे ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 11 रन था उस पर टेस्ट इतिहास के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन 14वें ओवर में 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की गलत फील्डिंग के कारण वेस्टइंडीज को एक रन लेने का मौका मिला और वह 27 रन तक पहुंच गया, जिससे न्यूजीलैंड का 70 साल पुराना 26 रन का रिकॉर्ड टूटने से बच गया, जो उसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑकलैंड में बनाया था।

### श्रृंखला शानदार रही : स्टार्क

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा, "यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा।" स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

ओलंपिक-2028

# 128 साल बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक में होगा क्रिकेट



एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा।

### वर्ष 1900 में ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

*ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। 1904 के ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की कोशिश की गई थी। हालांकि, खेलने के लिए कोई टीम नहीं मिली और इसे ओलंपिक से बाहर कर दिया गया था।*

### पुरुष-महिला वर्ग में 90 खिलाड़ियों का कोटा

*पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वाश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी।*

### लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी दूर होंगे मैच

*सभी क्रिकेट मैच लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमाना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में होंगे। आयोजकों ने इस बारे में बयान जारी करते हुए कहा, लगभग एक सदी से, यह स्थान वार्षिक एलए काउंटी केंद्र रहा है। यह विशाल मैदान ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की विजयी वापसी की पृष्ठभूमि बनेगा।*

**वेस्टइंडीज ने दिग्गज क्रिकेटरों को आमंत्रित किया**

**किंग्स्टन।** वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 0-3 की हार के बाद क्लाइव लॉयड, विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को कैरेबियाई देशों में क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के तरीकों पर चर्चा को मजबूत करने के लिए आमंत्रित किया।

# टी20 में ऐतिहासिक जीत के बाद वनडे में दबदबा बनाने की उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶ साउथम्पटन



इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में 3-2 से जीत दर्ज करके नया इतिहास रचा था। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे शुरू होगा। इस साल के आखिर में भारत में वनडे विश्व कप खेला जाना है और उसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 50 ओवरों के प्रारूप में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेगी। भारत ने अपना आखिरी वनडे मैच मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में जीत हासिल करने से भारतीय टीम का विश्व कप से पहले मनोबल और बढ़ेगा।

## जडेजा बशीर के खिलाफ आक्रामक शॉट खेल सकते थे : कुंबले

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था। जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। उन्होंने आगे कहा, ''तीनों टेस्ट मैच बेहद रोमांचक रहे और दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन अगर आप हर सत्र के प्रदर्शन को देखें तो यह बराबरी मुकाबला रहा है।



* **दुबई।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक-एन/आई/टी 11/25/15**
**दिनाँक:-07.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई-निविदा आंमत्रित करता है। **क्रमांक:** 1, **निविदा संख्या:** 11246202, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.08.2025, **निविदा खुलने का समय:** 10:30, **निविदा पत्र लागत (रु.):** 00, **अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रु.):** 276120.00. **विवरण:** MPT-2013 मशीन के लिए टैम्पिंग यूनिट का सेट, **निर्माता:** प्लासर [एक सेट में चार टैम्पिंग यूनिट शामिल होंगी, यानी दो LHS और दो RHS यूनिट]। **वारंटी:** टैम्पिंग ऑपरेशन के 2000 टर्नआउट या ऑपरेशन/ कमीशनिंग की तारीख से 24 महीने या आपूर्ति की तारीख से 27 महीने जो भी पहले हो। [**वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद] "निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in जाएं।" **नोट:-** विवरण से संबंधित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक**
**द.पू. म. रेलवे बिलासपुर**

CPR/10/PR/164

South East Central Railway @secrail

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5929



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 5928 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5939

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकू नवताल - 5938 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# पहलगाम आतंकी हमला पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों के निर्देश पर हुआः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुआ आतंकी हमला पाकिस्तान की साजिश थी, जिसमें पड़ोसी देश के राजनीतिक और सैन्य अधिकारी शामिल थे। यह खुलासा एक रिपोर्ट में हुआ है। इसमें बताया गया है कि हमले को गुप्त रूप से पाकिस्तानी आतंकवादियों ने ही अंजाम दिया था। साजिश को सफल बनाने में पाकिस्तानी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के अधिकारियों और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों का हाथ है।



## किसी भी कश्मीरी आतंकवादी को शामिल नहीं किया गया

रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला ठीक वैसा ही था, जैसा मुंबई में 26/11 आतंकी हमला हुआ था, जिसमें आईएसआई और एलईटी की मिलीभगत थी। आईएसआई ने पाकिस्तान स्थित लश्कर के कमांडर साजिद भट्ट को पहलगाम में लक्षित हत्याओं के लिए केवल बाहरी आतंकवादियों को तैनात करने को कहा था। गोपनीयता बनाए रखने के लिए इसमें किसी कश्मीरी आतंकवादी को शामिल नहीं किया गया। यही नहीं, जम्मू-कश्मीर में सक्रिया लश्कर के विदेशी आतंकियों से भी न्यूनतम जानकारी साझा की गई थी।





## हमले का नेतृत्व कर रहा था सुलेमान

रिपोर्ट के मुताबिक, पहलगाम हमले की जिम्मेदारी सुलेमान को दी गई थी, जो पूर्व पाकिस्तानी विशेष बल कमांडो था। सुलेमान ने 2022 में एम-4 हथियार के साथ नियंत्रण रेखा पार कर जम्मू में प्रवेश किया था। उससे पहले वह पाकिस्तान के पंजाब में लश्कर के मुरीदके केंद्र में प्रशिक्षण ले चुका था। सुलेमान के साथ दस्ते में दो अन्य पाकिस्तानी आतंकवादी भी थे। सैटेलाइट फोन से पता चला कि 15 अप्रैल को सुलेमान त्राल के जंगल में था।

## घाटी में इस समय 68 विदेशी आतंकी सक्रिय

रिपोर्ट के मुताबिक, घाटी में आज भी करीब 68 विदेशी आतंकवादी और 3 स्थानीय आतंकवादी पूरी तरह सक्रिय हैं। इस साल केवल एक स्थानीय आतंकवादी भर्ती हुआ है। सुरक्षा बल अभियान चलाकर आतंकियों की तलाश कर रही हैं, जिसमें कुछ हद तक सफलता मिली है।

## पहलगाम हमले में मारे गए थे 26 पर्यटक

22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में मौज-मस्ती कर रहे निर्दोष पर्यटकों पर पाकिस्तानी आतंकियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी थी। आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर गोली मारी थी, जिसमें एक नेपाली नागरिक था। कुछ पर्यटक अपनी शादी के बाद हनीमून मनाने पहुंचे थे। घटना के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया और 7 मई को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा देने जा रही छात्रा पर टूट पड़े 4 आवारा कुत्ते, बुरी तरह नोंचा



**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर से आवारा कुत्तों का एक डराने वाला वीडियो सामने आया है। यहां के श्रीनगर एक्सटेंशन इलाके में एक छात्रा परीक्षा देने के लिए कॉलेज जा रही थी, तभी 4 आवारा कुत्ते उस पर बुरी तरह झपट पड़े। कुत्तों ने छात्रा को गिरा दिया और उसके पैर को बुरी तरह नोंच लिया। छात्रा ने किसी तरह पैर चलाकर अपने आप को बचाया। इसके बाद उसकी सहेली ने कुत्तों को खदेड़ा।

**सहेली न आती तो होता और बुरा हाल :** घटना 12 जुलाई सुबह 6:30 बजे की है, जिसकी सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सोशल मीडिया पर सामने आई है। वीडियो में दिख रहा है कि 4 कुत्ते अचानक से छात्रा पर हमला कर देते हैं और उसे गिराकर उसे पैरों को नोंच लेते हैं। छात्रा अपने पैर से उनको भगाती है। जैसे ही छात्रा खड़ी होती है, कुत्ते फिर वापस आ जाते हैं और नोंचने की कोशिश करते हैं। तभी छात्रा की सहेली पत्थर मारकर कुत्तों को भगाती है।

### नशे में धुत कार चालक पर वयस्क की तरह नहीं चलेगा मुकदमा



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में पोर्शे कार हादसा मामले में किशोर न्याय बोर्ड ने मंगलवार को आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने से मना कर दिया है। पुणे पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बोर्ड से आरोपी के खिलाफ व्यस्क की तरह मुकदमा चलाने की मांग की थी। बोर्ड ने कहा कि घटना के समय आरोपी 17 साल का था (अब 18 साल से अधिक), इसलिए उस पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत नाबालिग की तरह मुकदमा चलेगा।

**कोर्ट में क्या हुई बहस :** सुनवाई में विशेष लोक अभियोजक शिशिर हिरय ने तर्क दिया कि 17 वर्षीय किशोर नशे में था और उस पर खून के नमूनों से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज है। उन्होंने कहा कि दोनों अपराध किशोर न्याय अधिनियम के तहत जघन्य हैं। बचाव पक्ष के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि किशोर न्याय अधिनियम पुनर्वास के लिए है। उन्होंने कहा कि वयस्क की तरह मुकदमा चलाना किशोर न्याय की भावना के विरुद्ध होगा।

## शंघाई सहयोग संगठन में एस जयशंकर की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात


# चीन-भारत के संबंधों के सामान्यीकरण से मिल सकते हैं लाभकारी परिणाम

एजेंसी ▶▶| शंघाई

चीन के 2 दिवसीय दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। यह मुलाकात तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक से इतर हुई है। जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीर एक्स पर साझा कर लिखा, 'आज सुबह बीजिंग में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन पहुंचाया। राष्ट्रपति शी को हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हाल ही में हुई प्रगति से अवगत कराया।'

### द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने पर जोर

चीनी सरकार की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मुलाकात को लेकर बताया कि बीजिंग में जयशंकर की शी से मुलाकात चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। बता दें कि भारत-चीन अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है और कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली की भी भारत में व्यापक रूप से सराहना की जा रही है।



### 2020 के बाद पिछले साल मिले थे मोदी और जिनपिंग

वर्ष 2020 में गलवान घाटी में चीन और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प हुई थी, जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी आ गई थी और बातचीत बंद थी। पिछले साल पिछले अक्टूबर में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जिनपिंग के बीच 5 साल बाद औपचारिक बातचीत हुई। इसके बाद द्विपक्षीय संबंधों में सुधार हो रहा है। कैलाश मानसरोवर यात्रा भी 5 साल बाद शुरू हुई, जो 2020 से रुकी थी।

### उपराष्ट्रपति हान से भी की मुलाकात

चीन के उपराष्ट्रपति हान से मुलाकात के दौरान जयशंकर ने कहा था कि चीन-भारत के संबंधों के निरंतर सामान्यीकरण से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, आज जब हम मिल रहे हैं, तो अंतरराष्ट्रीय स्थिति बहुत जटिल है। पड़ोसी देशों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, भारत-चीन के बीच विचारों और दृष्टिकोणों का खुला आदान-प्रदान बहुत महत्वपूर्ण है। जयशंकर का अंतरराष्ट्रीय जटिलता से तात्पर्य ईरान-इजरायल युद्ध, यूक्रेन-रूस युद्ध और अमेरिकी टैरिफ से लगाया जा रहा है।

### 5 साल बाद चीन पहुंचे हैं विदेश मंत्री जयशंकर

2020 के बाद यह पहला मौका है, जब जयशंकर बीजिंग पहुंचे हैं। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह SCO की रक्षा मंत्रियों की बैठक में शिरकत करने पहुंचे थे। चीन और भारत के बीच संबंधों में अक्टूबर 2024 के नरमी आई थी और विदेश सचिव विक्रम मिस्री पहली राजनयिक यात्रा पर बीजिंग गए थे। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद चीन और भारत अपने व्यापारिक रिश्तों को और बढ़ाना चाह रहे हैं।

# गरियाबंद के गजपल्ला वाटरफॉल में रायपुर की 19 वर्षीय युवती डूबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के गजपल्ला वाटरफॉल में मंगलवार दोपहर को रायपुर से घूमने आए पांच युवतियों और दो युवकों के एक समूह में शामिल 19 वर्षीय महविस खान गहरे पानी में डूब गई। यह घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच हुई। जानकारी के अनुसार, महविस खान गहराई का अंदाजा लगाने के लिए पानी में उतरी थीं, तभी वह अचानक गहरे पानी में समा गईं। हादसे की खबर मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युवती की तलाश शुरू कर दी।

### प्रशासन की अव्यवस्था पर हरिभूमि ने किया था आगाह

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना से ठीक एक दिन पहले, सोमवार को ही हरिभूमि अखबार ने गजपल्ला और चिंगरापगार वाटरफॉल में बरती जा रही लापरवाही को लेकर एक खबर प्रकाशित की थी, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था की कमी को उजागर किया गया था। इस चेतावनी के बावजूद न तो पर्यटक सतर्क हुए और न ही प्रशासन ने कोई सख्ती बरती, जिसका परिणाम यह दुखद हादसा है। फिलहाल, वन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम डूबी हुई युवती की तलाश में जुटी हुई है। यह घटना एक बार फिर पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों की कमी और पर्यटकों द्वारा बरती जा रही असावधानी को उजागर करती है।



### प्रतिबंधित क्षेत्र में लापरवाही का नतीजा

वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्राकर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गजपल्ला वाटरफॉल पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित है, यही वजह है कि यहां किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि यह वाटरफॉल घने जंगल के बीच स्थित है। यहां तक पहुंचने के कई रास्ते हैं। कुछ रास्तों को बंद भी किया गया है, लेकिन इसके बावजूद लोग चोरी-छिपे यहां पहुंच जाते हैं।

# बेंगलुरु के नर्सिंग कॉलेज ने कश्मीरी छात्राओं को हिजाब पहनने से रोका

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक बार फिर हिजाब का जिन्न बाहर निकल आया है। यहां एक नर्सिंग कॉलेज ने छात्राओं को हिजाब पहनकर आने से मना किया है, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से हुई है। मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने पत्र लिखकर बताया कि राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्ध श्रीसौभाग्य ललिता कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कश्मीरी छात्राओं को रोका गया है। संगठन ने कॉलेज में धार्मिक भेदभाव की घटना में हस्तक्षेप की अपील की है।

**भाजपा सरकार में हुआ था काफी बवाल :** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार से पहले बीएस येदियुरप्पा और बासवराज बोम्मई के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी। इस दौरान उडुपी समेत कई जिलों में कॉलेज प्रशासन और मुस्लिम छात्राओं के बीच हिजाब को लेकर तनातनी दिखी थी। मामला कोर्ट तक पहुंचा था।



### संघ ने क्या की शिकायत?

जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने पत्र में बताया कि नर्सिंग कॉलेज ने हिजाब या बुर्का पहनने पर कश्मीरी छात्राओं को निष्कासित करने की धमकी दी है। संगठन ने लिखा, कश्मीरी छात्राओं को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाया गया, अपमानित किया गया और शिक्षा के उनके मौलिक अधिकार से वंचित किया गया है, सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्होंने बुर्का पहनना चुना है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहामी ने दावा किया कि कॉलेज के प्राचार्य ने कक्षा में घुसकर छात्राओं को बाहर जाने फरमान सुनाया।

### छात्राओं के रिकॉर्ड जब्त करने की धमकी

संगठन ने अपने पत्र में दावा किया कि जब उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य से इस संबंध में बात की तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि ये कॉलेज उनका है और यहां के नियम का पालन न करने पर छात्राओं को निकाल दिया जाएगा और उनके रिकॉर्ड जब्त कर लिए जाएंगे। संगठन ने मुख्यमंत्री से शिक्षा विभाग और अल्पसंख्यक आयोग को मामले की जांच करने के निर्देश देने और कॉलेज प्रशासन पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# दो विधायकों समेत नौ लोगों की सजा स्थगित

**जयपुर।** जयपुर की एक अदालत ने राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में दो कांग्रेस विधायकों और सात अन्य की सजा मंगलवार को स्थगित कर दी। आरोपियों ने 17 जून, 2025 को सुनाई गई सजा के खिलाफ जयपुर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-नौ, प्रेम प्रकाश ओझा के समक्ष अपील दायर की थी। अपीलकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि अपील के निपटारे में समय लगेगा और अगर सजा स्थगित नहीं की गई तो अपीलकर्ता अपने विधिक अधिकारों से वंचित हो जाएंगे। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने अपीलकर्ताओं की याचिका स्वीकार कर ली। मामले की सुनवाई अब 26 अगस्त 2025 को होगी।

**इन लोगों को किया गया बरी :** मुकेश भाकर (विधायक), मनीष यादव (विधायक), द्रोण यादव, अभिषेक चौधरी, राजेश मीणा, रवि किराड़, वसीम खान, भानु प्रताप सिंह और विद्याधर मील को भादंसं की धाराओं के तहत गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया गया था।

# मणिपुर में सबसे बड़ा छापा, 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में रुक-रुककर जारी हिंसा के बीच सुरक्षा बलों ने मिलकर एक बड़े अभियान को अंजाम दिया है, जिसमें 1,000 से अधिक हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। संयुक्त अभियान में मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स शामिल थे, जिन्होंने ग्रेनेड, एके सीरीज, इंसास राइफल, पिस्तौल समेत 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किया है। इसे मणिपुर में अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी बताई जा रही है।



### ये सामान हुआ बरामद

सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिले के इलाकों में छापामार अभियान चलाया था। इसमें एके सीरीज की पांच बंदूक, तीन इंसास, 16 एसएलआर, पांच 303 राइफल, 19 पिस्तौल, दो कार्बेन, नौ राइफल, 16 एसबीबीएल, दो दंगा विरोधी बंदूक, एक जेवीपीसी, एक डीबीबीएल, छह बोल्ट एक्शन गन और एक 2 इंच का मोर्टार शामिल है। 974 गोला-बारूद में भी घातक विस्फोटक शामिल हैं। साथ ही 41 मिश्रित पत्रिकाएं और 6 वायरलेस हैंडसेट मिले हैं।






(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/ एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
• पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
• पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### प्रतिबंधित चीनी मांझा सहित तीन गिरफ्तार


**शाहजहांपुर।** जिले में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से एक सिपाही की मौत के बाद पुलिस ने भारी मात्रा में यह मांझा बरामद करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दुकान पर बिक्री के लिए ले जाए जा रहे प्रतिबंधित मांझे के 114 बंडल बरामद करके मोहम्मद अतीक, अहमद और मोहम्मद नबी को गिरफ्तार कर लिया।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैक्शनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# उत्तराखंडः विद्यालयों में विद्यार्थियों को गीता के श्लोक सुनाए जाएंगे

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि राज्य के सरकारी स्कूलों की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को श्रीमद् भगवद्गीता का एक श्लोक अर्थ सहित प्रतिदिन सुनाया जाए ताकि आधुनिक शिक्षा के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा से छात्रों को अवगत कराकर उन्हें एक श्रेष्ठ नागरिक बनाया जा सके।

उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में जारी एक आदेश में कहा गया है कि प्रार्थना सभा में सुनाए जाने वाले इस श्लोक के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जानकारी भी छात्रों को दी जाएगी। इसके अलावा, शिक्षकों को प्रत्येक सप्ताह गीता के एक श्लोक को 'सप्ताह का श्लोक' घोषित कर उसे सूचना पटट पर अर्थ सहित लिखे जाने को कहा गया है जिसका छात्र अभ्यास करेंगे और सप्ताह के अंत में उस पर चर्चा कर उसका 'फीडबैक' लिया जाएगा।




### शिक्षक समय-समय पर करेंगे व्याख्या

आदेश में शिक्षकों को समय-समय पर श्लोकों की व्याख्या करने तथा छात्रों को इस बात की जानकारी देने को कहा गया है कि श्रीमद् भगवद्गीता के सिद्धांत किस प्रकार मानवीय मूल्य, व्यवहार, नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं। छात्रों को यह भी बताया जाएगा कि गीता के उपदेश मनोविज्ञान, तर्कशास्त्र, व्यवहार विज्ञान एवं नैतिक दर्शन पर आधारित हैं जो धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से संपूर्ण मानवता के लिए उपयोगी हैं। आदेश में कहा गया है कि विद्यालय स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों को ये श्लोक केवल विषय या पठन सामग्री के रूप में नहीं पढ़ाए जाएं बल्कि ये उनके जीवन एवं व्यवहार में भी परिलक्षित हों।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com